डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com




PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमा-फ्लॉप होने के बाद पहली बार सामने आए आमिर खान


वर्ष -08 अंक -155 | प्रयागराज, गुरुवार 01 सितंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### शहबाज शरीफ ने पीएम मोदी को धन्यवाद दि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** मानसूनी बारिश के कारण आई बाढ़ ने पूरे पाकिस्तान में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन की वजह से पाकिस्तान में 1,100 से अधिक लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान में बाढ़ से हुए मानवीय और भौतिक नुकसान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शोक व्यक्त करने के लिए उनका धन्यवाद किया। दरअसल, मानसूनी बारिश के कारण आई बाढ़ ने पूरे पाकिस्तान में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन की वजह से पाकिस्तान



में 1,100 से अधिक लोग मारे गए है और 3.3 करोड़ या देश की आबादी का सातवां हिस्सा विस्थापित हो गया है। शरीफ ने एक ट्वीट में कहा कि मैं भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी को बाढ़ के कारण हुए मानवीय और भौतिक नुकसान पर शोक व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देता हूं। पाकिस्तान के लोग इंशाअल्लाह इस प्राकृतिक आपदा के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करेंगे और अपने जीवन को फिर से पटरी पर लाएंगे।

## पीएम मोदी का दो दिवसीय केरल दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कोच्चि मेट्रो के दूसरे चरण की रखेंगे आधारशिलापीएम मोदी एक और दो सितंबर को कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के जलावतरण के लिए कर्नाटक और केरल का दौरा करेंगे और मंगलूरू में लगभग 3,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर आज केरल पहुंचेंगे। कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड (केएमआरएल) ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल आने के बाद गुरुवार (एक सितंबर) को कोच्चि मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही, वे कोच्चि मेट्रो के पहले चरण का शुभारंभ भी करेंगे, जो एसएन जंक्शन से वडक्केकोट्टा तक बनाया गया है। पीएम मोदी एक और दो सितंबर को कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के जलावतरण के लिए कर्नाटक और केरल का दौरा करेंगे और मंगलूरू में लगभग 3,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की उपस्थिति में कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड व्यापार मेला और प्रदर्शनी केंद्र में समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में महापौर एम अनिल कुमार, सांसद हिबी ईडन, एंटनी राजू (परिवहन मंत्री), पी राजीव (उद्योग, कानून और कॉयर मंत्री) अपनी सम्मानित उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शाम 7 बजे शुरू हो जाएगा राजस्व संचालन कोच्चि मेट्रो रेल का प्रस्तावित फेज 2 प्रोजेक्ट कॉरिडोर जेएलएन स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से इन्फोपार्क, कक्कनड तक है, इस रेल खंड की लंबाई 11.2 किलोमीटर होगी, जिसमें 11 मेट्रो स्टेशन होंगे। फेज 1 एक्सटेंशन कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा सीधे शुरू किए गए कार्य का पहला खंड है। इसके उद्घाटन के बाद कोच्चि मेट्रो 24 स्टेशनों के साथ कम से कम 27 किमी की दूरी तय करेगी। पीएम मोदी द्वारा कोच्चि के लोगों को स्टेशन समर्पित करने के तुरंत बाद, दोनों स्टेशनों का राजस्व संचालन शाम सात बजे शुरू होगा। बता दें कि मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण के बाद पेट्टा-एसएन जंक्शन खंड के राजस्व संचालन को मंजूरी दी थी। 4.3 लाख वर्ग फुट में बना वडक्केकोट्टा स्टेशन वडक्केकोट्टा, एसएन जंक्शन और पनमकुट्टी पुल का काम 16 अक्तूबर, 2019 को शुरू किया गया था और यह कोविड महामारी के दौरान भी जारी रहा। वडक्केकोट्टा 4.3 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र के साथ मेट्रो स्टेशनों में सबसे बड़ा है। अन्य मेट्रो स्टेशनों के विपरीत, यहां नई सुविधाओं से लैस अंदर और बाहर दोनों तरफ बड़े व्यावसायिक स्थान बनाए गए है। वडक्केकोट्टा स्टेशन स्वतंत्रता संग्राम में केरल की भूमिका को अपने विषय के रूप में दर्शाता है जबकि एसएन जंक्शन आयुर्वेद और इसके आधुनिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। एसएन जंक्शन और वडक्केकोट्टा स्टेशनों के राजस्व संचालन के लिए खुलने पर केएमआरएल प्रति दिन औसतन एक लाख यात्रियों के यात्रा करने की उम्मीद कर रहा है।

## मिशन 2024 के लिए नए सिरे से शुरू हुई सियासी जोर-आजमाइश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने एकता के लिए शुरू की मुहिमविपक्ष को एक मंच पर लाने के लिए इस बार क्षेत्रीय दलों को जोड़ने और ममता बनर्जी के पुराने फार्मूले पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत पहली योजना नेतृत्व के सवाल को गौण रखते हुए कांग्रेस के इतर सबसे पहले गैरराजग क्षेत्रीय दलों को एक साथ लाने की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद ठप पड़ी विपक्षी एकता की मुहिम में बिहार में जदयू-राजद के मिलन ने नए सिरे से जान फूंक दी है। तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात कर विपक्षी एकता कायम करने की नई शुरुआत की है। राव के करीबियों का मानना है कि गुजरात, हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नए साल में विपक्ष में एकता की संभावना मजबूत हो सकती है। हालांकि, इस बार भी विपक्ष पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के फॉर्मूले पर आगे बढ़ता दिख रहा है। दूसरी ओर मिशन 2024 के लिए भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों को खंगालने और नए क्षेत्रीय, जातीय, सामाजिक समीकरण पर आगे बढ़ने की रणनीति बनाई है। विपक्ष को एक मंच पर लाने के लिए इस बार क्षेत्रीय दलों को जोड़ने और ममता बनर्जी के पुराने फार्मूले पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत पहली योजना नेतृत्व के सवाल को गौण रखते हुए कांग्रेस के इतर सबसे पहले गैरराजग क्षेत्रीय दलों को एक साथ लाने की है। ममता का फार्मूला था कि जो दल जिस राज्य में मजबूत हो, दूसरे दल उस राज्य में उसी की अगुवाई में चुनाव लड़ें। विपक्ष शासित राज्यों पर भाजपा लगाएगी जोर बहुत पहले ही मिशन 2024 की तैयारी की शुरुआत कर चुकी भाजपा की रणनीति अपना पुराना गढ़ बचाए



रखने और विस्तार की संभावना वाले राज्यों में पूरी ताकत झोंकने की है। विस्तार के लिए इस बार पार्टी ने तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल को चुना है। पार्टीशासित राज्यों में संगठन और सरकार को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पार्टी नए जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण पर आगे बढ़ रही है। विपक्षशासित राज्यों में रणनीति बनाने का जिम्मा एक बार फिर से गृह मंत्री अमित शाह को दिया गया है। इस क्रम में शाह अगले महीने बिहार, जम्मू कश्मीर और राजस्थान का दौरा करने वाले हैं। इस तरह आगे बढ़ सकता है प्रयास राव के करीबी सूत्रों का दावा है कि कई कारणों से लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता कायम हो सकती है। इसी साल कांग्रेस में जारी अध्यक्ष पद का विवाद सुलझेगा, जबकि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में उसे और आम आदमी पार्टी को अपनी ताकत का अहसास हो जाएगा। भाजपा और मोदी के प्रति सभी में समान भय है। यही भय विपक्ष में एकता कायम कराएगी। केसीआर-नीतीश ने 'भाजपा मुक्त भारत' का किया आह्वान तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने बुधवार को 'विपक्षी एकता' बनाने के प्रयासों के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं ने 'भाजपा मुक्त भारत' का आह्वान किया। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि क्या बिहार के मुख्यमंत्री को विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में माना जा सकता है। इस पर केसीआर ने कहा, 'ये बातें हम बाद में तय करेंगे।' कांग्रेस को शामिल किए जाने के सवाल पर भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। राव ने प्रेसवार्ता के दौरान नीतीश कुमार को 'बड़े भाई' कहकर संबोधित किया। ब्यूरो नीतीश बोले-थर्ड फ्रंट नहीं अब मेन फ्रंट बनेगा विपक्ष को एकजुट करने के लिए नीतीश अब बिहार से बाहर निकलेंगे। राव के साथ बैठक के बाद नीतीश ने कहा कि थर्ड फ्रंट नहीं अब मेन फ्रंट बनेगा। दो दिवास्वप्न देखने वालों का मिलन : भाजपा केसीआर और नीतीश की मुलाकात को लेकर बिहार की सियासत गर्म है। भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने दोनों नेताओं की बैठक को दो दिवास्वप्न देखने वालों का मिलन बताया। कहा, दोनों जनाधार खो चुके हैं। न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत साथ आए विपक्षः शरद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर 2024 आम चुनाव के लिए विपक्षी एकता की वकालत की है। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सभी विपक्षी दलों को एक साथ आने और मोदी सरकार का मुकाबला करने के बारे में सोचना चाहिए। भाजपा पर निशाना साधते हुए एनसीपी प्रमुख ने कहा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक में विधायकों को तोड़ने के लिए पैसे, सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग किया गया है। यही कोशिश झारखंड में की जा रही है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार और उसकी नीतियों पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 में किये वादों को पूरा नहीं किया है। एनसीपी प्रमुख ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने भाजपा से संबंध तोड़ कर एक अच्छा राजनीतिक निणन्य लिया है, हम इसका स्वागत करते हैं। गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने पर शरद पवार ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है।

## पुलिसकर्मियों को दी सौगात,मवेशी कोयला तस्करी के लिए गृह मंत्री को जिम्मेदार ठहराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी ने कहा कि एक चैनल ने मुझ पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। हम रानी रश्मोनी के इलाके में रहते है। हम सभी पट्टे पर किराएदार हैं। सीएससी की बैठक में आज मैंने अपने मुख्य सचिव से कहा कि जांच करें और संपत्ति को तोड़ने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य पुलिस दिवस की पूर्व संध्या पर कई एलान किए। उन्होंने कई श्रेणियों में राज्य पुलिस अधिकारियों के लिए पदोनन्ति, वर्दी



भत्ता, प्रतिपूरक नियुक्ति और ऊपरी आयु सीमा में वृद्धि की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे कई पुलिसकर्मियों को फायदा होगा।ममता बनर्जी ने कहा कि एक चैनल ने मुझ पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। हम रानी रश्मोनी के इलाके में रहते है। हम सभी पट्टे पर किराएदार हैं। सीएससी की बैठक में आज मैंने अपने मुख्य सचिव से कहा कि जांच करें और संपत्ति को तोड़ने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करें।उन्होंने कहा कि अगर मेरे परिवार को केंद्रीय एजेंसियों से नोटिस मिलता है, तो मैं इसे कानूनी रूप से लड़ूंगी। हालांकि, यह इन दिनों कठिन हो गया है। अगर यह साबित हो जाता है कि मैंने किसी संपत्ति पर कब्जा किया है या ऐसा करने में किसी की मदद की है, तो इसे बुलडोजर से गिराया जा सकता है।उन्होंने कहा कि भाजपा का आरोप है कि कोयला घोटाले की कार्यवाही कालीघाट जा रही है, लेकिन किसी का नाम नहीं लिया। क्या पैसा मां काली के पास जा रहा है? कालीघाट में मेरा निवास (19वीं सदी के जमींदार और परोपकारी) रानी रश्मोनी की भूमि पर है। मै अस्थायी किरायेदार हूं।पशु और कोयला तस्करी के लिए गृह मंत्री जिम्मेदारः ममता बंगाल में पशु और कोयला तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की गिरफ्तारी और विपक्ष के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी व सरकार का बचाव करते हुए भाजपा व केंद्र पर बड़ा हमला बोला। ममता ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना पशु और कोयला तस्करी के लिए सीधे तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इसे रोकने का दायित्व केंद्र का है। यह मेरा दायित्व नहीं है। ममता ने कहा कि बीएसएफ व अन्य केंद्रीय बल गृह मंत्री के अधीन हैं। कोयला और मवेशियों की तस्करी रोकने का दायित्व किसका है? एक बार मैंने गाड़ी आना बंद कर दिया था, तो केंद्र ने कहा कि कोई भी गाड़ी रोकी नहीं जाएगी। ममता ने कहा कि अभी तो पशु की तस्करी बहुत कम हो गई है। मैं तो सिर्फ 11 साल से सत्ता में हूं। उसके पहले क्या हुआ है। ममता ने भाजपा पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ समय के लिए बेवकूफ बनाया जा सकता है, लेकिन यह हर समय के लिए संभव नहीं है।

## केंद्रीय मंत्री बोले- भारत में चीन अमेरिका की तुलना में कम महंगाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाकेंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका वित्तीय तबाही का सामना कर रहे हैं। कराड ने कहा, इन देशों की तुलना में भारत में महंगाई कम है और हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने बुधवार को कहा कि भारत में महंगाई अमेरिका जैसे विकसित देशों की तुलना में कम है और महामारी के बाद की अवधि में घरेलू अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सात प्रतिशपर भारत में महंगाई की दर है जो अमेरिका और चीन की तुलना में कम है। कराड ने नासिक में संवाददाताओं से कहा, वास्तव में भारत में महंगाई है लेकिन दुनिया में यह ज्यादा है। अमेरिका और चीन में महंगाई दर आठ प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका वित्तीय तबाही का सामना कर रहे हैं। कराड ने कहा, इन देशों की तुलना में भारत में महंगाई कम है और हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। भारत दुनिया में पांचवें स्थान पर है। कोरोना महामारी के बाद हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया के किसी भी देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में दो बार कम हुए ईंधन के दाम उन्होंने कहा कि महंगाई कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईंधन के दाम दो बार कम किए गए। मंत्री ने कहा, महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार ने भी राज्य में सत्ता में आने के बाद ईंधन की कीमतों में कमी की थी। यह सब महंगाई को कम करने के लिए किया गया था।

## आपूर्ति सामान्य होने में लगेगा एक हफ़्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** ऑफर मिलेगा या नहींराजधानी में बृहस्पतिवार से आबकारी नीति में बदलाव के बाद अब शराब की बिक्री सिर्फ सरकारी



दुकानों में होगी। निजी दुकानें बंद हो चुकी हैं और इसकी जगह दिल्ली सरकार की 300 से अधिक दुकानें ही खुलेंगी। अधिकारियों का कहना है कि पुरानी व्यवस्था बहाल करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुरुआती एक सप्ताह में आपूर्ति सामान्य होने तक इंतजार नहीं कर पाने वाले बेसब्र ग्राहकों की बुधवार शाम निजी दुकानों पर भीड़ लगी रही। बुधवार को अधिकारियों ने बताया कि आबकारी नीति 2021-22 की जगह पुरानी व्यवस्था बहाल होने से फिलहाल संचालित हो रहे करीब 250 निजी शराब विक्रेताओं के ठेकों की जगह 300 से अधिक सरकारी विक्रय केंद्र ले लेंगे। निजी दुकानों को जारी इस नीति के तहत जारी लाइसेंस वापस ले लिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगले हफ्ते से सरकारी दुकानों पर शराब की आपूर्ति में सुधार की उम्मीद है। मोबाइल एप एमआबकारीदिल्ली को सितंबर में लागू कर दिया जाएगा। इससे ग्राहकों को अपने नजदीकी दुकानें, दुकान का समय सहित तमाम जानकारियां मिलेंगी। दिल्ली में कई सरकारी ठेके मॉल और मेट्रो स्टेशनों के नजदीक होंगे। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली सरकार के उपक्रम डीटीटीडीसी, डीएसएसआईडीसी, डीएससीएससी और डीसीसीडब्लूयूएस की 700 से अधिक शराब की दुकानें खोलने का लक्ष्य दिया गया है।

## चीन शिनजियांग में मुस्लिमों पर कर रहा जुल्म, यूएन रिपोर्ट में दुष्कर्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**संयुक्त राष्ट्र ।** जबरन नसबंदी का दावा संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार आयुक्त मिशेल बैचलेट ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन 31 अगस्त को चीन में मानवाधिकारों को लेकर बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी कर दी। हालांकि, चीन ने इसमें किए गए दावों को खारिज किया है। संयुक्त आयुक्त मिशेल बैचलेट ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन 31 अगस्त को चीन में मानवाधिकारों को लेकर बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी कर दी। हालांकि, चीन ने इसमें किए गए दावों को खारिज किया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार रिपोर्ट में चीन पर गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का दावा किया गया है। ये मानवता के अल्पसंख्यकों का दमन कर रहा है। बताया जाता है कि उइगर के बंदी शिविरों में 10 लाख लोग कैद हैं। यह अंतरराष्ट्रीय अपराध है : यूएन यूएन ने अपनी रिपोर्ट में चीन से अपील की है कि वह अवैध और मनमाने ढंग से कैद सभी उइगरों को तत्काल रिहा करे। अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई



राष्ट्र की मानवाधिकार रिपोर्ट के अनुसार चीन अपने शिनजियांग प्रांत में मुस्लिमों के दमन से बाज नहीं आ रहा है। वह विश्व संस्था में आतंकवाद का परोक्ष रूप से हिमायती नजर आता है, वहीं, अपने देश में आतंकवाद के नाम पर मुस्लिमों का दमन कर रहा है। यूएन की चीन को लेकर जारी मानवाधिकार रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन आतंकवाद व उग्रवाद के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर अत्याचार कर रहा है। शिनजियांग में मुस्लिम महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं तो पुरुषों की जबरन नसबंदी की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार खिलाफ अपराध हैं। चीन के सुदूर शिनजियांग प्रांत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों को लेकर आई 48 पेज की इस रिपोर्ट में उईगर मुस्लिमों के बड़ी संख्या में लापता होने का भी दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उइगर और अन्य प्रमुख मुस्लिम जातियों के सदस्यों को मनमाने और भेदभावपूर्ण ढंग से हिरासत में रखने, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्राप्त मौलिक अधिकारों का हनन मानवता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध है। रिपोर्ट के अनुसार उइगर मुस्लिमों को जबरन कैद कर के रखा गया है। वह अपने सुरक्षा कानूनों का मनमाने ढंग से अमल करते हुए मानवता के खिलाफ अपराध होते हुए अंतरराष्ट्रीय अपराध जैसी है। यूएन की यह रिपोर्ट चीन के खिलाफ नए अंतरराष्ट्रीय दबाव के रूप में सामने आ सकती है। गढ़ी हुई और गलत रिपोर्ट : चीन चीन ने इस रिपोर्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह चीन विरोधी ताकतों द्वारा गढ़ी गई गलत सूचना और झूठ पर आधारित है। यह चीन को बदनाम करने वाली और देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाली है। चीन ने इससे पहले संयुक्त राष्ट्र से इस रिपोर्ट को जारी नहीं करने का आग्रह किया था। उसने इसे पश्चिमी देशों का तमाशा बताते हुए इसका विरोध किया था।

## भारत से माल खरीदने के लिए गठबंधन भागीदारों से बात करेगा पाकिस्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत से खाद्य सामान आयात करने का विचार सबसे पहले सोमवार को वित्त मंत्री द्वारा लाया गया था क्योंकि देश में बाढ़ के चलते सैकड़ों एकड़ फसल नष्ट हो चुकी है। पाकिस्तान की कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने सरकार से संपर्क कर कहा है कि उन्हें भूमि सीमा से भारतीय खाद्य पदार्थ लाने की अनुमति दी जाए। पाकिस्तानी वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि सरकार गठबंधन सहयोगियों व प्रमुख हितधारकों से परामर्श के बाद भारत से माल आयात पर विचार करेगी। बता दें, नकदी की कमी व देशभर में बाढ़ के चलते खाद्य पदार्थों के बढ़ते मूल्य स्थिर करने के लिए भारत से सामान खरीदना चाहता है। भारत से खाद्य सामान आयात करने का विचार सबसे पहले सोमवार को वित्त मंत्री द्वारा लाया गया था क्योंकि देश में बाढ़ के चलते सैकड़ों एकड़ फसल नष्ट हो चुकी है। पाकिस्तान की कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने सरकार से संपर्क कर कहा है कि उन्हें भूमि सीमा से भारतीय खाद्य पदार्थ लाने की अनुमति दी जाए। अब वित्त मंत्री ने एक ट्वीट में कहा है कि इसके लिए सरकार अपने गठबंधन सहयोगियों से परामर्श कर फैसला करेगी। इस बीच, पाकिस्तान ने खाद्य संकट के मद्देनजर ईरान और अफगानिस्तान से प्याज व टमाटर आयात करने का फैसला किया है।6.5 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को देखभाल की सख्त जरूरत पाकिस्तान के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 6.5 लाख गर्भवती महिलाओं को आपदा से निपटने के लिए तत्काल देखभाल की सख्त जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने यह चेतावनी दी है कि देश में इस बाढ़ के दौरान लिंग आधारित हिंसा का खतरा भी बढ़ गया है ।

# विरोध के बीच फीस वृद्धि पर लगी अंतिम मुहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में विरोध के बीच बुधवार को कार्य परिषद ने फीस वृद्धि पर अंतिम मुहर लगा दी। कार्य परिषद ने सत्र 2022-23 से प्रभावी होने वाली फीस वृद्धि को मंजूरी दी। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निणर्य भी लिए गए।इविवि में फीस वृद्धि के प्रस्ताव को वित्त समिति और एकेडमिक कौंसिल से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 112 साल बाद फीस में बढ़ोतरी की है, लेकिन एक साथ चार गुना तक फीस बढ़ा दिए जाने से छात्र संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। कार्य परिषद की बैठक में फीस वृद्धि पर अंतिम मुहर लगा दी गई। सत्र 2022-23 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को बढ़ी हुई फीस देनी होगी।कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय में दैनिक वेतन एवं संविदा कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों को भुगतान की जा रही मजदूरी की दर को संशोधित करने और बढ़ाने की मंजूरी भी दी गई। इसके साथ ही इविवि के संघटक महाविद्यालयों में एसोसिएट प्रोफेसर



से प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति का रास्ता भी साफ हो गया।कार्य परिषद ने महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों में संकायों के लिए कैस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति के लिए विशेषज्ञों की लिस्ट को भी अंतिम मंजूरी दे दी। ऐसे में अब महाविद्यालयों में प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। हालांकि, इसे एकेडमिक कौंसिल में पहले ही पारित किया जा चुका है।बीटेक, बीएससी के छात्रों को मिलेगा हिंदू हॉस्टल कार्य परिषद ने निणर्य लिया कि हिंदू हॉस्टल में विज्ञान संकाय के यूजी के छात्रों के साथ जेके इंस्टीट्यूट के बीटेक छात्रों को कमरे आवंटित किए जाएंगे। तय हुआ कि हॉस्टल के 184 कमरों में से 100 कमरे जेके इंस्टीट्यूट के छात्रों और 84 कमरे बीएससी के छात्रों को आवंटित किए जाएंगे। हिंदू हॉस्टल पर बिजली बिल का 2.50 करोड़ रुपये बकाया है, जिसका भुगतान जेके इंस्टीट्यूट करेगा। कुलपति के प्रयास से यह हॉस्टल मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय महाविद्यालय प्रबंध समिति से प्रति वर्ष एक रुपया के हिसाब से 29 वर्ष 11 महीने के लिए लीज रेंट पर लिया गया है।

# सिलेबस से बाहर के पूछे सवाल सम सेमेस्टर की परीक्षा निरस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** राज्य विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की बुधवार को हुई सम सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान हिंदी के पेपर में सिलेबस से बाहर के सवाल पूछे लिए जाने पर काफी हंगामा हुआ। शिकायत मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा निरस्त कर दी। अब चार सितंबर को परीक्षा दोबारा होगी राज्य विवि की सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर की परीक्षा बुधवार को प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर के 141 केंद्रों में आयोजित की गई। दो पालियों में हुई परीक्षा में 43742 परीक्षार्थी शामिल हुए और 546 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। अपराह्न दो से चार बजे की दूसरी पाली में एमए द्वितीय सेमेस्टर हिंदी की परीक्षा थी। प्रशनपत्र जैसे ही बंटने शुरू हुए, परीक्षार्थी हड़बड़ा गए। पेपर में शामिल ज्यादातर सवाल सिलेबस से बाहर के थे। परीक्षा केंद्रों में अफरातफरी का माहौल रहा और कोई जवाब देने को तैयार नहीं था। महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज,



बैरहना में परीक्षार्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। कई परीक्षार्थियों ने अपनी कॉपियों में 'आउट ऑफ सिलेबस'लिखकर परीक्षा बीच में छोड़ दी। विश्वविद्यालय प्रशासन के पास भी कई केंद्रों से शिकायत पहुंची तो इसकी जांच कराई गई। छात्रों की शिकायत सही पाए जाने पर एमए हिंदी की संबंधित परीक्षा निरस्त किए जाने और परीक्षा दोबारा आयोजित कराए जाने का निणर्य लिया गया। कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तीन सितंबर को सम सेमेस्टर की परीक्षाएं पूरी हो रहीं हैं। निरस्त की गई परीक्षा चार सितंबर को आयोजित की जाएगी। दस दिन में पकड़े गए ढाई सौ से अधिक नकलची प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हुए 10 दिन पूरे हो गए हैं और इस दौरान ढाई सौ से अधिक परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए हैं। परीक्षा तीन सितंबर तक चलेगी। ऐसे में नकल करने वालों की संख्या अभी और बढ़ेगी।

# प्रतापगढ़ का एक और सितारा फिल्म जगत में दे रहा है अपना योगदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** विकास खंड सँड़वा चण्डिका के छतरपुर गाँव के अभिषेक गुप्ता ने एक छोटी उम्र में अपनी फिल्मी यात्रा की शुरूआत की।आज उन्होंने अपने परिवार के समर्थन और अपने बूते से फिल्म जगत में बहुत कुछ हासिल किया है। फिल्म स्टार अभिषेक का कहना है उन्हें खुशी है कि वह टीवी उद्योग में 9साल से काम करते हुए अपना सर्वोत्तम योगदान प्रदान कर रहे हैं।छोटी उम्र में अपनी यात्रा शुरू करके विभिन्न उत्पादन घरों के साथ काम करने में वह कामयाब रहे। हर उत्पादन घर से बहुत कुछ सीखा।सावित्री (फ्लाइंग टर्टल), लौत आओ त्रिशा (24 फ्रेम्स), इश्क किल्स (राउडी रास्कल्स), भावनात्मक अटैचर, सिंघसन बत्तीसी (क्रिएटिव आई), सेवा वाली बहू (ग्राम बॉय प्रोडक्शंस), अकबर बीरबल (त्रिकोण फिल्म्स), घाटोटकाच (कोठारे विजन प्रोडक्शन), तेरा बाप मेरा बाप,पार्टनर्स



धारावाहिक उनके प्रमुख धारावाहिक हैं।हमेशा अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ समय दिया है। उत्पादन घरों ने भी उनके काम की सराहना की है और जीवन में अवसर दिए हैं।अभिषेक ने आगे बताया आज टीवी इंडस्ट्री के कई बेहतरीन सेलेब्स के साथ वह काम कर रहे हैं, हालांकि 9 साल पहले अपना शहर छोड़कर मुंबई में जगह बना पाना आसान नहीं था। पिता की इंडस्ट्री के बारे में धारणा कुछ सकारात्मक नहीं थी, जिससे वो चाहते थे कि अभिषेक छ्ळ्घ् की पढ़ाई पूरी कर नौकरी करें, लेकिन अभिषेक नहीं माने। सोशल मीडिया पर मिले चंद दोस्तों की बदौलत अभिषेक को मुंबई में रहने की जगह और काम तो मिला,लेकिन साथ ही मिले बुरे ऑफर।वही ऑफर जिसे आम भाषा में कास्टिंग काउच कहा जाता है। अभिषेक ने स्ट्रगल के दिनों में ऑफर ठुकराए और जगह बनाई।

# धारा-138 के लम्बित वादों का निस्तारण 26 सितम्बर से 29 सितम्बर तक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुपम दूबे ने बताया है कि दिनांक 26 सितम्बर, 27 दिसम्बर, 28 सितम्बर एवं 29 सितम्बर को एन0आई0 एक्ट की धारा-138 लम्बित वादों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।वादकारी एन0आई0 एक्ट की धारा-138 लम्बित वादों हेतु विशेष लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है।

# तहसील कुण्डा में 03 सितम्बर को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में दिनांक 03 सितम्बर 2022 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुण्डा में किया जायेगा। इसके अलावा तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) व तहसील रानीगंज में मुख्य राजस्व अधिकारी व अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।इसके अलावा दिनांक 17 सितम्बर,2022 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में किया जायेगा।

# समितियों की माँग पर हो रहा है यूरिया का सम्प्रेषण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ने बताया है कि जनपद में खरीफ अभियान 2022-23 में यूरिया वितरण का लक्ष्य 21196.00 मैट्रिक टन है। लक्ष्य के सापेक्ष दिनांक 01 अप्रैल 2022 से यूरिया की उपलब्धता 12104.460 मैट्रिक टन की है जिसमें से दिनांक 01 अप्रैल 2022 से 30 अगस्त 2022 तक 11018.475 मैट्रिक टन यूरिया सहकारी समितियों को प्रेषित की जा चुकी है तथा वर्तमान में 1058.985 मैट्रिक टन यूरिया पीसीएफ के गोदामों में भण्डारित है जिसमें समितियों की माँग के अनुसार यूरिया का प्रेषण कराया जा रहा है।

# 80 रुपये का लंच पैकेट और 75 में रात का खाना लेकिन बाढ़ पीडितों को नहीं मिलता भरपेट भोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** कहने को तो बाढ़ राहत शिविरों में शरणाथिर्यों के नाम पर रोज लगभग 11 लाख रुपये के भोजन का भुगतान हो रहा है मगर इससे किसका पेट भर रहा है, यह बाढ़ पीड़ितों के चेहरे से साफ झलक जाता है। घर-गृहस्थी छोड़कर शिविरों में किसी तरह जिंदगी काट रहे शरणाथिर्यों के सामने कई चुनौती है। लंच और डिनर के पैकेट में कम भोजन की शिकायत करें तो शिविर से निकाले जाएं और न करें तो आधे पेट ही दिन-रात गुजारे। प्रयागराज जिले में इस समय 21 बाढ़ राहत शिविर



संचालित किए जा रहे हैं। बुधवार को भी इन राहत शिविरों में 7345 शरणार्थी पहुंचे थे। बताते है कि शिविरों में शरणाथिर्यों को दिन और रात का भोजन का पैकेट दिया जाता है। ये पैकेट अशोक नगर स्थित एक मिठाई की दुकान से आ रहे हैं। प्रति लंच पैकेट 80 रुपये और डिनर पैकेट का 75 रुपये भुगतान किया जाता है। इस प्रकार लगभग 11 लाख 38 हजार रुपये का रोज मिठाई की दुकान को भुगतान किया जाता है। लंच पैकेट में दाल-चावल और सब्जी तथा डिनर पैकेट में पूड़ी-सब्जी होती है।

# पत्रकार की आजी के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रद्धाँजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** पत्रकार दिनेश सरोज जिलाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रेस परिषद की आजी ननका देवी ;98 वर्षद्ध पतनी सीताराम सरोज निवासी साँगीपुर के निधन पर पत्रकारों ने उन्हें अपनी श्रद्धाँजलि प्रदान की है। पत्रकारों के सुख.दुःख में खड़े रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 आर0आर0 पाण्डेय ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के साथ उनका दुःख साझा किया।वहीं अंतर्राष्ट्रीय प्रेस परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ संदीप कुमार पाण्डेयएरविकांत तिवारीएदयाशंकर तिवारीए सूर्यकांत तिवारीएबृजेश तिवारीए विपिन तिवारीएअनंत सिंह तोमरएप्रिंस प्रजापतिएशकील साहिरएराम बरनएअजय सोनीए मुकेश सिंहएकुलदीप शुक्लएप्रमोद कुमार सिंहए अरविंद दुबेएसतीश कुमार चौरसियाएरामेंद्र सिंहएरंजन रजकएदुर्गेश शुक्ल आदि ने उन्हें अपनी श्रद्धाँजलि प्रदान की है।

# दोस्तों पर धौंस जमाने के लिए बस्ते में तमंचा लेकर पहुंचा स्कूल

## पुलिस ने पकड़ा, हथियार सप्लायर भी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** पहले सोरांव और अब शहर के दारागंज में एक छात्र बस्ते में तमंचा रखकर स्कूल पहुंच गया। आठवीं कक्षा के इस छात्र का कहना था कि वह दूसरे छात्रों पर धौंस जमाने के लिए तमंचा लेकर स्कूल आया था। दारागंज थाने की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए नाबालिग छात्र और उसके साथी जय सिंह को पकड़ा और बाल सुधार गृह भेज दिया। ऐसी घटनाओं से स्कूल प्रबंधक और शिक्षक स्तब्ध हैं। इस घटनाक्रम के बारे में बताया गया कि दारागंज इलाके में रहने वाला एक शख्स प्राइवेट नौकरी करता है। उसका 16 साल का बेटा अलोपीबाग स्थित सिंधु विद्यामंदिर इंटर कालेज में आठवीं का छात्र है। घटना तीन दिन पहले की है। सोमवार को वह स्कूल पहुंचा। क्लास रूम में जब शिक्षक सभी छात्रों के स्कूल बैग को चेक कर रहे थे, उसके बैग में किताबों के बीच तमंचा और कारतूस मिल गया। यह देखकर न केवल छात्र बल्कि शिक्षक भी अचरज में पड़ गए। प्रधानाचार्य से इस बारे में फोन पर खबर मिलने पर दारागंज थाने की पुलिस स्कूल पहुंची और छात्र को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि जय सिंह ने उसे तमंचा व कारतूस दिया था। तब दारोगा अरविंद कुमार यादव ने टीम के साथ कच्ची सड़क दारागंज निवासी जय सिंह की तलाश शुरू की। अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी करते हुए जय सिंह को दबोच लिया। इसके बाद उसे जेल और छात्र को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। दारोगा अरविंद



यादव ने बताया कि पूछताछ में छात्र ने बताया है कि वह पहले भी एक शख्स से मांग करके तमंचा स्कूल ले गया था, लेकिन तब पकड़ा नहीं गया था। वह छात्रों को असलहा दिखाकर रौब झाड़ता था। वहीं, जय सिंह ने तमंचा कहां, किससे और कब खरीदा था इसके बारे में वह साफ तौर पर कुछ नहीं बता पाया है। कोशिश की जा रही है कि हथियार सप्लायर को भी गिरफ्तार किया जाए।


# पत्रकार की आजी के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रद्धाँजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** पत्रकार दिनेश सरोज जिलाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रेस परिषद की आजी ननका देवी ;98 वर्षद्ध पत्नी सीताराम सरोज निवासी साँगीपुर के निधन पर पत्रकारों ने उन्हें अपनी श्रद्धाँजलि प्रदान की है। पत्रकारों के सुख.दुःख में खड़े रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 आर0आर0 पाण्डेय ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के साथ उनका दुःख साझा किया।वहीं अंतर्राष्ट्रीय प्रेस परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ संदीप कुमार पाण्डेयएरविकांत तिवारीएदयाशंकर तिवारीए सूर्यकांत तिवारीएबृजेश तिवारीए विपिन तिवारीएअनंत सिंह तोमरएप्रिंस प्रजापतिएशकील साहिरएराम बरनएअजय सोनीए मुकेश सिंहएकुलदीप शुक्लएप्रमोद कुमार सिंहए अरविंद दुबेएसतीश कुमार चौरसियाएरामेंद्र सिंहएरंजन रजकएदुर्गेश शुक्ल आदि ने उन्हें अपनी श्रद्धाँजलि प्रदान की है।


# पाक्सो अधिनियम के तहत दोषी पर 2.77 लाख का अर्थदण्ड एवं आजीवन कारावास की सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह ने बताया कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने फैसल पुत्र इसरार व मोहम्मद नवाब अली पुत्र स्व0 मोहर अली निवासीगण पठकौली सराय इन्द्रावत थाना जेठवारा को नाबालिक के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी पाते हुये प्रत्येक को आजीवन कारावास (जो अभियुक्त की शेष प्राकृतिक जीवन काल तक के लिये) तथा अभियुक्त नवाब को 2 लाख 16 हजार रूपये अर्थदण्ड तथा फैसल को इक्सठ हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।अर्थदण्ड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सकीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु प्रदान किया जायेगा।वादिनी मुकदमा के अनुसार घटना 10 दिसम्बर 2021 की रात साढ़े नौ बजे की है उसकी 13 वर्षीय लड़की पीड़िता शौच के लिये पास के खेत की तरफ गई थी तभी वहाँ अचानक उसके गाँव के बाल अपचारी सुत अब्बास,फैसल सुत इसरार तथा नवाब अली सुत स्वर्गीय मौहर अली अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर आये और उसकी लड़की को जबरन उठाकर ले जाने लगे,हल्ला गुहार की आवाज पर जब प्रार्थिनी व उसके परिजन दौड़े तो उक्त लोग उसकी लड़की को लेकर भाग गये। काफी तलाश करने के बाद भी लड़की का कुछ पता नहीं चल सका। काफी तलाश करने के बाद बाल अपचारी व फैसल को किसी तरह ढूँढ़ा गया तो आरोपीगण बाल अपचारी व फैसल ने कहा कि लड़की को मैं ले गया था।रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तक वह मेरे पास थी।इसके बाद वह कुछ बताने को तैयार नहीं हुआ। पीड़िता ने न्यायालय में आकर बयान दिया कि घटना के समय उसकी उम्र 13 वर्ष थी, घटना दिनांक 10 दिसम्बर 2021 को रात दस बजे शौच के लिये खेत में जा रही थी वहाँ बाल अपचारी, फैसल व नवाब पीछे से आये और मेरा मुँह दबाकर अब्बास के घर ले गये। फैसल ने मेरा पैर पकड़ा, नवाब ने पैर से मेरा हाथ दबा दिया और हाथ से मेरा मुँह दबा दिया तब बाल अपचारी ने मेरे साथ गलत काम किया,उसके बाद मैं बेहोश हो गई जब मुझे होश आया तो मैं अपनी दादी के कमरे में बंद थी।दरवाजा खटखटाया तब दरवाजा खुला। बाल अपचारी की पत्राववली किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। राज्य की और पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेन्द्र चन्द्र त्रिपाठी व अशोक कुमार त्रिपाठी ने की।

# अस्पतालों में डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय-प्रमुख सचिव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक विभाग/ नोडल अधिकारी हिमांशु कुमार ने विकास भवन के सभागार में राज्यमंत्री पर्यावरण, जन्तु,उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के 07 जून 2022 एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा दिनांक 11 जून 2022 को अपने जनपदीय भ्रमण के समय विकास कार्यक्रम एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री द्वारा भ्रमण के समय आयोजित बैठकों में दिये गये निर्देशों के विभागीय अधिकारियों के साथ बिन्दुवार समीक्षा की गयी।प्रमुख सचिव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, गोशाला के रख-रखाव, कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों का संतृप्तीकरण, पीएचसी/सीएचसी पर डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, नगर पालिका/नगर पंचायतों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति एवं डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, हैण्डपम्प रिबोर, जल जीवन मिशन, गड्ढामुक्ति, पीएम स्वनिधि योजना, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय का निर्माण एवं कानून व्यवस्था पर दिये गये निर्देश के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग अनुपालन आख्या में निश्चित समय सीमा का उल्लेख अवश्य करें और उस समय सीमा के अन्तर्गत कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाये।उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पतालों में डाक्टर एवं पैरामेडिकल की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें तथा तय समय सीमा के अन्तर्गत उसे पूर्ण करायें। कार्यदायी संस्थाओं को भी उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में डीपीआर में दी गयी समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण किया जाये। सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करायी जाये तथा उन पर सोलर पैनल भी लगवाया जाये। बैठक में सहायक परिवहन अधिकारी सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कारण बताओं नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। प्रमुख सचिव ने कहा कि अपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाये।प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा अवगत कराया गया कि 10 करोड़ के ऊपर की सभी परियोजनाओं की टास्क फोर्स बनाकर गुणवत्ता की जांच करायी गयी है, नियमित रूप से अपूर्ण परियोजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, उप निदेशक कृषि डा0 रघुराज सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों समेत वाराणसी-प्रयागराज के बीच स्टेशनो का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दिए मातहतों को कड़े निर्देश, यात्री सुविधा के लिए दिया बल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज बुधवार को निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से बनारस-प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया। इस संरक्षा निरीक्षण क्रम में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने सुबह- सुबह इस रेल खण्ड पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों समेत वाराणसी-प्रयागराज के बीच सभी छोटे-बड़े स्टेशनो का गहन किया निरीक्षण। इस दौरान अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ मातहतों को कड़े निर्देश देते हुए यात्री सुविधाऐ बढ़ाने के लिए दिया बल दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बनारस-प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड में पड़ने वाले सभी हाल्ट स्टेशनों समेत हरदत्तपुर, राजातालाब, कछवां रोड, कटका, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, जंगीगंज, भीटी, हँडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशनों पर दोहरीकरण के अनुरूप यात्री सुविधाओं के विकास कार्य यथा स्टेशन भवन, प्लेटफार्म, पैदल उपरिगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, रख-रखाव, यात्री सुख सुविधाएं, पीने का पानी, शौचालय, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटरों, दिव्यांग यात्रियों हेतु रैम्प, वाटर बूथ एवं शौचालय आदि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने संरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त स्टेशनों के स्टेशन सेक्शन के समपार फाटक तथा स्टेशन पर गाड़ियों के संरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने हेतु स्टेशन वी डी यू पैनल, रिले रूम, डबल लाइन ब्लाक यंत्र, संरक्षा उपकरणों, पावर डिस्ट्रीब्यूशन, स्टेशन वर्किंग रूल, अनुरक्षण रजिस्टर, फेल्योर रजिस्टर, बॉथिंग ट्रैक, फेसिंग ट्रेलिंग पॉइंट एण्ड क्रासिंग का भी निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी स्टेशनों पर साफ-सफाई एवं उपकरणों के रख-रखाव तथा ब्लॉक खण्डों में रेलवे ट्रैक एवं ओवर हेड ट्रैक्शन के निकटतम पेड़ों की छटाई करने और रेल पथों के आस-पास उग आई वनस्पतियों को साफ किए जाने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक श्री पाण्डेय ने निरीक्षण मे प्रयागराज रामबाग पहुंचे और प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म के विस्तार, फुट ओवरब्रिज के रैम्प, अनारक्षित टिकट काउंटर, आरक्षित टिकट काउंटर, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, सामान्य यात्री प्रतीक्षालय, स्टेशन पैनल, वाटर बूथ, शौचालयों एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा निर्देश दिया। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अक्षय प्रताप सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(आपरेशन) ए0 के0 श्रीवास्तव, मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य)आर0 एन0 सिंह समेत वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।



# बलिया में जन्मदिन पार्टी में चली गोली से घायल की इलाज के दौरान मौत परिजनों का रो. रो कर बुरा हाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया ।** जिले में बीते दिनों जन्मदिन के पार्टी में गोली चलने की वजह से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं वारदात की जानकारी होने के बाद आनन फानन पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। अब गोली लगने से मौत होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। जबकि मौत के बाद पुलिस अब धाराओं में इजाफा कर रही है। नगरा थाना के चचयां मे 18 अगस्त की रात बर्थ डे पार्टी के बाद दोस्तों के बीच हुए विवाद में चली गोली से घायल सोनू सिंह ;48द्ध की इलाज के दौरान आजमगढ़ के वेदांता हास्पिटल में मंगलवार की देर रात मौत हो जाने से परिजनों समेत ग्रामवासियों में शोक की लहर दौड़ गयी वहीं परिजनों के करण क्रंदन व चीत्कार से उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गयीं। 18 अगस्त को नगरा थाना के चचयां में सोनू सिंह की ससुराल में साथ आये सतीश सिंह उर्फ बबलू पुत्र सुरेन्द्रनाथ सिंह जयसिंह पुर थाना सरायलखंसी मऊ ने सोनू सिंह पुत्र चंद्रमा सिंह मुड़ासन थाना रसड़ा को विवाद के बाद पिस्टल से गोली मार दी थी। जिसमें गंभीरावस्था में घायल सोनू को मऊ स्थित शारदा नारायण अस?पताल में भर्ती कराया गया। हालात बिगड़ने पर परिजन 23 अगस्त को वाराणसी लेकर गए जहां से चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन आजमगढ़ स्थित निजी नर्सिंग होम में उपचार करा रहे थे जहां पर सोनू की मौत मंगलवार की देर रात 11 बजे हो गयी। सूचना पर पहुंची नगरा पुलिस ने सोनू के शव को बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम को भेज दिया। आरोपी सतीश सिंह जयसिंह पुर को पिस्टल समेत गिरफ्तार कर 19 अगस्त को ही जेल भेज दिया था। इस संबंध मे नगरा थानाध्यक्ष देवेन्द्रनाथ दूबे ने कहा कि आरोपी पहले ही गिरफ्तार है। आरोपी पर हत्या की धाराएं बढ़ाकर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाया जाएगा।



### रुख नरम होते ही कटान का बढ़ा खतराए आठ घंटे में मात्र एक सेमी बढ़ाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया ।** जिले में गंगा के तेवर अभी तल्ख हैं। जलस्तर अभी भी बढ़ाव की ओर है। गायघाट में शाम चार बजे जलस्तर 59ण680 मीटर दर्ज किया गया। यह उच्चतम खतरा बिंदु 60ण390 से मात्र 71 सेमी नीचे है। रात में नदी का जलस्तर स्थिर था। लोग घटाव का अनुमान लगा रहे थेए लेकिन सुबह के बाद एक सेमी जलस्तर बढ़ गयाए इससे लोग अभी भी सहमे हुए हैं। जिले में नरहीं से लेकर दरामपुरए खोड़ीपाकरए माल्देपुरए शहर के निचले इलाके में कई स्थानों पर कटान का भी बड़ा खतरा है। कई घरों में पानी घुसा है। हर कोई पानी उतरने का इंतजार कर रहा है। सरयू में मंगलवार से घटाव शुरू हो गया है। तूर्तीपार डीएसपी हेड पर शाम चार बजे जलस्तर 62ण660 मीटर दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे जलस्तर 62ण770 मीटर पर था। यहां खतरा बिंदु 64ण04 मीटर है। नदी के घटाव पर अब कटान का खतरा बढ़ने लगा है। दोकटी रू गंगा के बाढ़ के कारण मुरलीछपरा के सात ग्राम पंचायतों की आबादी जलमगन हो चुकी है।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल **प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलब्ध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790


# भदोही में प्राथमिक विद्यालय में बेहोश होकर गिरे छह बच्चे एक को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भदोही।** प्राथमिक विद्यालय गहरपुर में बुधवार की सुबह नौ बजे बारी.बारी से छह बच्चे बेहोश होकर गिर गए। अचानक बच्चों के गिरते ही परिसर में अफरा.तफरी मच गई। अन्य बच्चे इधर.उधर भागने लगे। चीख.पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आनन.फानन बेहोश बच्चों को गोपीगंज स्थित आनंद नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां पर पांच बच्चों की स्थिति सामान्य होने पर छोड़ दिया गया है जबकि एक को भर्ती किया गया। जानकारी होते ही खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह अस्पताल पहुंच गए। विद्यालय खुलने के बाद पूर्व की भांति प्रार्थना एवं बच्चों की हाजिरी कराई गई। शिक्षक भी अपने.अपने कक्षा में पढ़ाने चले गए। करीब पौने नौ बजे कक्षा पांच में सत्यम पाल और सुहेल रजा गश खाकर गिर गए। अभी शिक्षक कुछ समझते कि इसी कक्षा में पढ़ रहा सद्दाम भी गिर गया। तीन बच्चों को बारी.बारी बेहोश होकर गिरने से शिक्षकों के होश उड़ गए। अभी वह कुछ करते कि कक्षा एक में अल्तमस और फैज और कक्षा पांच की उजाला बेहोश हो गई। बच्चों को किसी तरह अस्पताल पहुंचाया गया। मौके की नजाकत भाप विद्यालय को बंद कर दिया गया। दोपहरिया भोजन भी बच्चों में वितरण नहीं किया गया। प्रधानाध्यापक मोण् इसहाक ने इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पहले तो यही अंदाजा लगाया कि एमडीएम से तो बच्चे बेहोश हो गए। जब विद्यालय में गया तो वहां पर दोपहर का भोजन तैयार ही नहीं था। गर्मी एवं उमस के कारण बच्चे बेहोश हो गए। एक बच्चे का इलाज अस्पताल चल रहा है। एक शिक्षक को वहां पर लगाया गया है। प्राथमिक विद्यालय गहरपुर में छह बच्चों के बेहोश होने की जानकारी होते ही खंड शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में भेजा गया था। गर्मी के कारण बच्चे बेहोश हो गए थे। एक बच्चे का इलाज गोपीगंज क आनंद नर्सिंग होम में चल रहा है। अन्य सभी बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं।



# भदोही में एक तरफा प्रेम में युवक ने युवती का धारदार हथियार से गला रेताए ट्रामा सेंटर में भर्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भदोही।** सुरियावां नगर के फाटक गली में सोमवार की देर शाम एकतरफा प्रेम में एक युवक ने 20 वर्षीय युवती पर धारदार हतियार से जानलेवा हमला कर दिया है। इससे युवती का गला काट गया। बताया जा रहा कि वह कई दिन से युवती को फोन कर परेशान कर रहा था जब उसने लड़के का नंबर ब्लाक कर दिया तो उसने धारदार हथियार से लड़की का गला काट दिया है। लहूलुहान युवती को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने कसबा निवासी राजकुमार गौतम के खिलाफ हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी पर देर रात एसपी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस मामले में पुलिस अब आरोपिता के खिलाफ विधिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है। वहीं परिजनों ने भी इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। काफी दिन से कर रहा था परेशान रू घायल लड़की के स्वजन ने तहरीर में कहा उसकी पुत्री ने पूर्व में बताया कि राजकुमार गौतम नाम का युवक आये दिन उसे फोन करके परेशान कर रहा था । युवती ने लगातार आने वाली कॉल की वजह से उसने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया था।ी का गला काट दिया है। लहूलुहान युवती को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने कसबा निवासी राजकुमार गौतम के खिलाफ हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी पर देर रात एसपी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस मामले में पुलिस अब सोमवार को पुत्री सब्जी लेने बाजार गई थीए मनबढ़ राजकुमार ने फाटक गली में उससे बात करनी चाहीए लड़की ने उससे बात करने से इनकार कर दिया तो गाली गलौज करते हुए उस पर जान लेवा हमला कर दिया।आरोपी को किया गया गिरफ्तार रू पुलिस अधीक्षक डाण् अनिल कुमार ने कहा मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित राजकुमार गौतम को देर रात कस्बा निवासी उसके दोस्त के यहां से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही विधिक कार्रवाई में जुट गई है।



# दुष्कर्म के दोषी अमेरिका को 20 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष सिंह की अदालत ने 11 वर्ष पूर्व महिला के साथ घर में घुसकर किए गए दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए बुधवार को दोषसिद्ध पाकर दोषी अमेरिका को 20 वर्ष की कैद एवं एक लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 12 जुलाई 2011 को रात करीब 12 बजे सेहुआ गांव निवासी राजकुमार व अमेरिका उसके घर में घुस गए और उसकी पतनी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। शोरगुल को सुनकर आसपास के तमाम लोग आ गए और घटना को देखा व सुना। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अमेरिका को 20 वर्ष की कैद एवं एक लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। जबकि पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि मिलेगी।अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक एडवोकेट ने बहस की।

# सोनभद्र पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को सोनभद्र पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर



उन्होंने संगठन स्तर पर चल रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान सर्किट हाउस में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बैठक कर कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है और इसे आगे भी सुदृढ़ करने की जरूरत है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं गौर से सुनीं और उनके समस?याओं के निस्तारण के लिए वरिष्ठों को भी सहेजा। इस दौरान लोगों ने जिले की मूलभूत समस्याएं तडित चालक यंत्र लगाना, जिले को सूखाग्रस्त घोषित करना, कार्यकर्ताओं का शोषण किया जाना आदि विषय को रखा। उन्होंने उन्हें इसके निस्तारण पर जोर दिया। वहीं इस आयोजन के साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति द्वार का शिलान्यास करने पहुंचे केशव मौर्य ने पंडित जी के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। सोनभद्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को जनपद में मौजूद रहे। इस दौरान डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर ली गई थीं। वहीं चुर्क स्थित पुलिस लाइन हेलीपैड पर सुबह साढ़े 11 बजे उनका विमान पहुंचा। इसके बाद वह सीधे लोढ़ी स्थित सर्किट हाउस गए। वहीं दूसरी ओर भाजपा जिला कार्यालय जाने वाले मार्ग पर बने पं. दीनदयाल उपाध्याय तोरण द्वार का लोकार्पण भी किया। इसके बाद वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने पहुंचे। इस दौरान राबर्ट्सगंज स्थित गो- आश्रय स्थल व जिला अस्पताल का निरीक्षण भी उन्होंने किया।दोपहर में उन्होंने कलेक्ट्रेट में जनपद के उद्यमियों के साथ बैठक भी किया। इसके बाद वह जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ भी विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। वहीं दोपहर बाद लोढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय व अमृत सरोवर का निरीक्षण करेंगे।

# बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग भी बनाएगा आधार कार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अब सरकार ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को भी आधार कार्ड बनाने की जिम्मेदारी




सौपी है। अब तक बच्चों का आधार बनवाने में स्वजन को काफी दिक्कत होती थी। छह माह से तीन वर्ष व तीन से छह साल के बच्चों का नामांकन आगड़बाड़ी केंद्रों में हो जाता था, लेकिन आधार कार्ड के बिना उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ता था। ऐसे में शासन ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को भी आधार बनाने की जिम्मेदारी सौंप दी, जिससे बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली खाद्य सामग्री चना की दाल, गेहूं की दलिया, चावल व सरसो या सोयाबीन का तेल भी मिल सके।अब तक लोगों को आधार कार्ड बनवाने के लिए पोस्ट आफिस व बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते रहे हैं। सबसे पहले राबर्ट्सगंज ब्लाक के विभागीय कार्यालय में आधार बनाने के लिए तकनीकी प्रणाली स्थापित की जा रही है। तत्पश्चात चोपन, दुद्धी, बभनी, म्योरपुर, नगवां, चतरा, घोरावल समेत नवसृजित करमा व कोन ब्लाक के पुष्टाहार विभाग के कार्यायल में भी कार्ड बनवाए जा सकेंगे। इसके लिए आवेदक को निर्धारित शुल्क देना होगा। शेष कार्यवाही पूर्व की भांति पूरी की जाएंगी। सभी ब्लाकों में कोई भी व्यक्ति व बच्चे अपना आधार बनवा सकेंगे।बोले अधिकारी : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के मुख्यालय से दिशा-निर्देश आ चुके हैं। उसी के आधार पर ब्लाक स्तरीय कार्यालयों में तैयारी की जा रही है। इस बाबत तकनीक कार्य करने के लिए कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है। - राजीव सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सोनभद्र।इन दस्तावेजों की पड़ेगी जरूरत - जन्मतिथि प्रमाण- पत्र - निवास प्रमाण- पत्र - पासपोर्ट साइज फोटो - बच्चों का आइ कार्ड - माता-पिता का आधार नंबर - माता- पिता का मोबाइल नंबर। यह हैं ब्लाक : राबर्ट्सगंज, चोपन, दुद्धी, बभनी, म्योरपुर, नगवां, चतरा, घोरावल और नवसृजित कोन व करमा।

# हर घर नल योजना के तहत विद्यालयों में भी होगा पानी का कनेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे से हर घर को पानी देने की कवायद के तहत पाइप लाइन बिछाई जा रही है। मकसद है कि आम लोगों को शुद्ध पानी की आपूर्ति की जा सके। इसके तहत तेजी से कार्य हो रहा है। अब परिषदीय विद्यालयों को भी पाइप पेयजल सुविधा से आच्छादित किया जाएगा। इससे विद्यालयों के बच्चों को दूषित पानी से निजात मिलेगी। विद्यालयों में एमडीएम शुद्ध पानी से बन सकेगा। दूषित हैं। इसकी कई बार रिपोर्ट जल निगम जिला प्रशासन को दे चुका है। कुछ जगहों पर रिमूवल प्लांट लगे हैं तो कहीं टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई जाती है। हर घर नल योजना से विद्यालयों को जोड़ने से बच्चों को दूषित पानी से निजात मिल जाएगी। वर्जन.. हर घर नल योजना से परिषदीय विद्यालयों को भी जोड़ने की पहल चल रही है। अब तक कितने विद्यालयों को पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य शुरू हुआ है इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। प्रयास हो रहा है कि सभी विद्यालय इससे जुड़ जाएं ताकि




अभी तक विद्यालयों में हैंडपंपों के पानी से एमडीएम बनता है। वही पानी बच्चे पीते हैं तो हैंडवाश भी उसी से होता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने इसको लेकर डीसी निर्माण से रिपोर्ट मांगी है। पूछा है कि किन-किन विद्यालयों में पाइप लाइन बिछाने के लिए अब तक कार्य शुरू हुआ है। जिले के परिषदीय विद्यालयों में पानी के लिए हैंडपंप की व्यवस्था है। हैंडपंप के पानी से ही एमडीएम बनने के साथ अन्य कार्य भी होता है। तमाम ऐसे इलाके हैं जहां के हैंडपंप दूषित पानी देते हैं। इससे वहां के बच्चों को काफी परेशानी होती है। रिहंद डैम के आसपास के गांवों के पानी अधिक बच्चों को दूषित पानी से निजात मिल सके। हरिवंश कुमार बेसिक शिक्षा अधिकारी। एस्कार्ट एलाउंस भी अब डीबीटी के माध्यम से मिलेगा सोनभद्रः परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दिया जाने वाला भत्ता एस्कार्ट एलाउंस अब डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बीएसए हरिवंश कुमार ने बताया कि अभी तक ज्यादातर भत्ते जिला स्तर पर बीएसए के माध्यम से दिए जाते थे। लाभाथिन्यों को सरकार की और से मिलने वाली राशि डीबीटी योजना के माध्यम सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जाती है।

# सोनभद्र में हाई वोल्टेज बिजली के तार से उतरे करेंट की वजह से युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** रामगढ़ में शुक्रवार की देर रात बिजली का तार गिरने की वजह से कई लोगों के घरों में करेंट उतर गया और हादसा होने की वजह से तमाम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। एलटी तार पर 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर गिरने से घरों में करंट उतर गया। जिसमें एक युवक की भी करंट से मौत हो गई। रामगढ़ कस्बे में नहर से आगे मुख्य मार्ग पर नंदलाल गुप्ता के घर के ठीक सामने शुक्रवार की देर रात 11 हजार वोल्टेज का विद्युत तार एलटी तार पर गिर गया। इससे आसपास के घरों में करेंट उतर आया। उसकी चपेट में आने से 26 वर्षीय विक्की जायसवाल की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने शनिवार की सुबह कस्बे में रॉबर्ट्सगंज खलियारी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।शुक्रवार की देर रात 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार टूटकर गिरने से कस्बे के दर्जनों लोगों के घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तेज आवाज कर जल गए। जिस समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आवाज के साथ जलने लगे लोगों में अफरा तफरी मच गई। लोग घरों से निकलकर बाहर शोर मचाने लगे। वही रामगढ़ नहर के पास रामगढ़-काली मंदिर मोड़ पर चाट व्यवसाई विक्की पुत्र सुरेंद्र मोदनवाल घर में हाई वोल्टेज करेंट के दौड़ने से उसकी चपेट में आने से अचेत हो गया। स्वजन उसे तत्काल पीएचसी चतरा तियरा ले गए जहां से डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। विक्की जो करेंट की चपेट में आ गया वह दुकान बंद कर चाट बनाने वाले बर्तन आदि को लेकर घर में जा रहा था। ज्यों ही अपने घर में लगे लोहे के दरवाजे से होकर गुजरने लगा चाट का बर्तन दरवाजे से सट गया जिससे करेंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। जिला अस्पताल में ले जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर भी स्वजन का मन नहीं माना तो वे उसे लेकर ट्रामा सेंटर वाराणसी गये। वहां भी मृत घोषित होने पर



शनिवार की सुबह करीब छह बजे रामगढ़ शव लेकर वापस आए। विक्की अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था। वह दो बहनों में अकेला भाई था। करेंट से नंदलाल गुप्ता, सुरेश मोदनवाल, नंदू केसरी, सूरज सिंह, फुलझारी देवी, सागर गुप्ता समेत दर्जनों उपभोक्ताओं के घरों के पंखा इनवर्टर आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नुकसान हुए हैं। सुबह ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया और अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। उपभोक्ताओं में इस बात को लेकर नाराजगी जताई जा रही थी कि विभाग के उच्चाधिकारियों को और पनूगंज विद्युत सब स्टेशन पर तैनात संविदा कर्मियों को फोन लगाया गया परंतु किसी का फोन नहीं उठा। तो किसी का मोबाइल बंद बता रहा था। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है।

# सोनभद्र में डायरिया से दो मौत के बाद सक्रिय हुआ स्वास्थ्य विभाग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** घोरावल व खलियारी में डायरिया से दो मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। लगातार बढ़ते मामलों को मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस ठाकुर ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने डायरियाा के मामले की जानकारी




होने पर तत्काल स्वास्थ्य टीम भेजने के लिए विशेष यूनिट की स्थापना की है। यह टीम जिला व ब्लाक स्तर पर बनाया गया है। जिला स्तर पर बनी टीम के नोडल डा. सुमन को बनाया गया है। जिला स्तरीय टीम प्रतिदिन सुबह व शाम को ब्लाक स्तरीय टीम से क्षेत्र की सूचना एकत्रित कर रही है। अगर कहीं पर भी डायरिया पीडित मरीज मिलने की खबर आती है तो सबसे पहले ब्लाक स्तरीय टीम वहां पर पहुंच कर इलाज शुरू कर रही है। इसके बाद अगर हालात गंभीर होते है तो जिला स्तरीय टीम भी मौके पर पहुंच कर उसे संभालने का काम करेगी। टीम बीमार लोगों के इलाज के अलावा उन्हे डायरिया से बचने के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए, इसकी भी जानकारी साझा कर रहे है। सीएमओ आरएस ठाकुर ने बताया कि डायरिया से बचने के लिए गर्म पानी पीएं, बासी खाना किसी भी हाल में न खाएं आदि बचाव करने से इससे दूर रहा जा सकता है। घोरावल, नगवां व राट्र्सगंज ब्लाक में मरीज डायरिया के सबसे अधिक मामले घोरावल व नगवां ब्लाक में अभी तक आए है, यहीं पर दो लोगों की मौत भी इससे हुई है। इसके अलावा 40 से अधिक लोग संक्रमित हुए। कुछ दिन पूर्व राबर्ट्सगंज ब्लाक के मधुपुर में भी डायरिया संक्रमण का मामला सामने आया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। संक्रमित स्थानों पर दवा का छिड़काव किया जा रहा है।सोनांचल में बारिश के मौसम में डायरिया फैलने की समस्या अक्सर होती है। पिछले दिनों खलियारी व घोरावल में डायरिया का प्रकोप सर्वाधिक देखा गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने जिला व ब्लाक स्तरीय एपिडेमिक रिस्पांस टीम का गठन किया है। ब्लाक स्तरीय टीम गांव में कार्यरत आशा व एएनएम से इसकी सूचना प्राप्त कर रही हैं। किसी भी गांव में इस तरह की सूचना मिलने पर सीएचसी व पीएचसी दल जिसमें फर्मासिस्ट, लैब टेकनेशियन व वार्ड ब्याय शामिल रहेंगे मौके पर पहुंचेंगे। पर तत्काल पहुंच रही टीम जनपद में पिछले कुछ दिनों के अंदर डायरिया के मामले आए है। जिसको गंभीरता से लेते हुए जनपद व ब्लाक स्तरीय टीम का गठन किया गया है। प्रतिदिन सुबह व शाम को क्षेत्र से सूचना एकत्रित किया जा रहा है। जहां पर भी ऐसे मामले आ रहे हैं वहां पर टीम पहुंच रही है।

# मानवता के अग्रदूत थे महाकालेश्वर औघड़ संत कीनाराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** लोढ़ी स्थित संत कीनाराम सनतकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को संत कीनाराम का 423 वां प्रकाट्य दिवस धूमधाम से मनाया



गया। इस दौरान उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके संदेशों का अनुसरण करने पर बल दिया गया। पीजी कालेज के निदेशक डा. गोपाल सिंह ने कहा कि बाबा कीनाराम मावनता के अग्रदूत थे। भारत ऋषि मुनियों, योगियों, तपस्वियों, साधकों, संत महात्माओं का देश है। जब-जब हमारा देश संक्रमण के दौर से गुजरा, संत महात्माओं की रहनुमाई में इंसान एवं इंसानियत की रक्षा की गई। ऐसे ही महात्मा संत कीनाराम भी रहे, जिन्होंने समाज में इंसानियत और मानवता का संदेश देकर लोगों के बीच में बढ़ रहें भेदभाव की खाई को पाटने का काम किया। कहा कि उनके नाम पर स्थापित यह शैक्षिक संस्था आदिवासी, वनवासी, पहाड़ी क्षेत्र में शिक्षा का बेहतर प्रचार प्रसार कर रही है।चंदौली के रामगढ़ में सोलहवीं शताब्दी के प्रारंभ में जन्मे बाबा कीनाराम ने समाज में फैल रहे जातिवाद, भेदभाव, अशिक्षा आदि कुरीतियों के खिलाफ जमकर संघर्ष किया। पूरे देश में घूम-घूम कर मानवता का संदेश दिया। उनके योगदान को कभी भी कमतर कर नहीं आंका जा सकता। इस मौके पर डा. रविंद्र प्रसाद मौर्या, राम प्रवेश मौर्या, मनोज श्रीवास्तव, सुरज गुप्ता, प्रियम सिंह, निशा सिंह, सरोज सिंह, सुधा पांडेय, सीमा मौर्या आदि रहे।

# मीरजापुर में हाईस्कूल की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** हाईस्कूल में पढ़ने वाली किशोरी ने बुधवार की रात किसी समय आत्महत्या कर ली। रात को खाना खाने के बाद कमरे में सोने गई किशोरी सुबह बबूल के पेड़ पर



लटकती मिली तो परिजनों के होश उड़ गए। घर के पीछे 50 मीटर दूर बबूल के पेड़ पर किशोरी का शव लटकता मिलने की जानकारी होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। हलिया थाना क्षेत्र के दीघिया गांव में बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में घर के पीछे 50 मीटर दूर बबूल के पेड़ पर फांसी लगा किशोरी ने आत्महत्या ली। सुबह पेड़ पर किशोरी को फांसी पर लटकता देख स्वजन स्तब्ध रह गए। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।दीघिया गांव निवासी अमरनाथ बिंद की 16 वर्षीय पुत्री उर्मिला बुधवार की रात स्वजन के साथ खाना खाने के बाद घर के अंदर सो रही थी। देर रात जब स्वजन की नींद खुली तो उर्मिला को कमरे में न देख आसपास खोजबीन की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। स्वजन सोचे कि शौच के लिए बाहर गई होगी, वापस लौट आएगी। सुबह पिता अमरनाथ खेत की ओर गए तो घर से करीब 50 मीटर दूर आंगनबाड़ी केंद्र के पास बबूल के पेड़ पर किशोरी का शव फांसी पर लटकता मिला और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मतवार लल्लन यादव ने किशोरी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत किशोरी के पिता अमरनाथ ने पुलिस को तहरीर दी कि पुत्री उर्मिला गुरुवार सुबह आत्महत्या कर ली। मृत किशोरी तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी। वह हाईस्कूल की छात्रा थी। एक भाई भी है, जिसकी शादी हो चुकी है। पिता खेती-बारी कर परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृत किशोरी के पिता ने पुत्री के आत्महत्या करने की तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# मीरजापुर के तहसीलों में 3000 गायों के लिए बनेगी गोशाला, कंपोस्ट खाद संग ऊर्जा का होगा उत्पादन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** जनपद के सभी चारों तहसीलों में आगामी दिनों में 2000 से 3000 गायों के लिए गोशाला बनाई जाएगी, इसमें गाय के गोबर से कंपोस्ट खाद संग गोबर गैस अर्थात ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाएगा। गोशाला की उपजाऊ जमीन पर पशुओं के लिए हरा चारा भी उगाया जाएगा। जा रहा है, इसके लिए कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य मिले। इस बाबत मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने अधिकारियों को जमीन तलाशने के बाबत पत्र भेजा है। अपर मुख्य सचिव दुग्ध विकास व पशु चिकित्सा रजनीश अनुसार विकास खंड हलिया के नौगवां और कोन के गढ़वा में जमीन देखी गई है, लेकिन अंतिम मुहर उच्चाधिकारियों को लगानी है। इसके लिए जनसहभागिता भी जरूरी है। चयन के दौरान बाढ़ प्रभावित और जल भराव वाले क्षेत्रों से परहेज किया जा रहा है। गोवंश आश्रय स्थलों को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर



वृहद गोशाला 2000-3000 योजना के तहत चारों तहसीलों में इसकी व्यवस्था करने की तैयारी चल रही है। 25 से 50 एकड़ जमीन पर प्रति तहसील में वृहद गोशाला बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार पशुओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए सेवाभाव के साथ निरंतर प्रयासरत है। बेसहारा गोवंशों के संरक्षण और पशुपालकों को प्रोत्साहित भी किया दूबे ने बीते 17 जून 2022 को अष्टभुजा निरीक्षण गृह में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिले में वृहद गोशाला खोलने के लिए जगह तलाशने का निर्देश दे चुके हैं। तहसील स्तर पर संचालित किए जाने वाले गोवंश आश्रय स्थलों के लिए 25 से 50 एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. केदारनाथ के तहसीलवार बनने वाले गोवंश आश्रय स्थल की उपजाऊ जमीन पर हरे चारे की बोआई की जाएगी। गोवंश के गोबर से ऊर्जा उत्पादन और कंपोस्ट खाद तैयार किया जाएगा। दूध, कंपोस्ट खाद आदि की बिक्री से आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। गोशालाओं को आपस में लिंक करके ईंधन उत्पादन का बेहतर कार्य किया जा सकता है।

# ऑलराउंडर रैंकिंग में हार्दिक को आठ स्थान का फायदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार-भुवनेश्वर भी टॉप 10 में शामिलपाकिस्तान के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले हार्दिक पांड्या को आईसीसी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। वो टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडि.यों को आईसीसी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट लेने और 33 रन बनाने वाले हार्दिक पांड्या को ऑलराउंडर रैंकिंग में आठ स्थान का फायदा हुआ है। वो पांचवें पायदान पर पहुंच गए है। वहीं, सूर्यकुमार यादव को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वो तीसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजों में भुवनेश्वर कुमार आठवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पांड्या ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए थे और 17 गेंद में 33 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन की बदौलत वो अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं। एशिया कप में अपने दोनों लीग मैच जीतकर सुपर चार में जगह बनाने वाली अफगानिस्तान टीम के कई खिलाडि.यों को आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है। राशिद खान को दो स्थान का फायदा मिला है और गेंदबाजों की रैंकिंग में वो तीसरे स्थान पर आ चुके हैं। उनके पास 708 रेटिंग प्वाइंट है। तबरेज शम्सी 716 प्वाइंट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, कंगारू तेज गेंदबाज इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उनके पास 792 प्वाइंट हैं। राशिद के साथी मुजीब उर रहमान को भी सात स्थान का फायदा हुआ है और वो टॉप 10 में शामिल हो चुके हैं। भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट लेने वाले भुवनेश्वर कुमार आठवें स्थान पर हैं। रिजवान दूसरे स्थान पर पहुंचे बल्लेबाजों में टॉप 10 में कोई नया खिलाड़ी नहीं आया है, लेकिन पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने सूर्यकुमार यादव को पीछे करके दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। बाबर पहले स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के हजरातुल्लाह जजाई को तीन स्थान का फायदा हुआ है, वो अब 14वें स्थान पर हैं। वहीं, रहमनुल्ला गुरबाज पांच स्थानों के फायदे के साथ 29वें स्थान पर हैं। टेस्ट रैंकिंग में बेन स्टोक्स का जलवा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बने स्टोक्स ने पहले शतक लगाया फिर पहली पारी में 17 रन देकर दो विकेट लिए और दूसरी पारी में 30 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ स्थान का फायदा हुआ है। वे 18वें स्थान पर आ चुके हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में उन्हें पांच स्थान का फायदा हुआ है और 38वें स्थान पर आ गए हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ चुके हैं। भारत के रवींद्र जडेजा नंबर एक ऑलराउंडर हैं।



# कोहली, पंत के साथ विदेशी क्रिकेटर भी गणेश भक्ति में डूबे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी के मौके पर भारतीय खिलाडि.यों के साथ-साथ डेविड वॉर्नर ने भी गणपति बप्पा के साथ तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में वो गणपति बप्पा के सामने हाथ जोड़कर खड़े हैं। भारत में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े धूम-धाम के साथ मनाया जा रहा है, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी यूएई में हैं। यहां एशिया कप में भारतीय टीम अपने मुकाबले खेल रही हैं। व्यस्त शेड्यूल के बीच भारतीय खिलाडि.यों ने समय निकाला है और सोशल मीडिया पर अपने सभी फैंस को गणेश चतुर्थी की बधाई दी है। हालांकि, भारतीय खिलाडि.यों का ऐसा करना लाजिमी है पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने ऐसा कर सभी को चौंका दिया है। डेविड वॉर्नर ने भी इस मौके पर भगवान गणेश की फोटो के साथ अपनी फोटो शेयर की है, जिसमें वो हाथ जोड़े हुए दिख रहे है। डेविड वॉर्नर की यह फोटो एडिट करके बनाई गई है, लेकिन गणपति बप्पा के प्रति उनकी श्रद्धा भारतीय फैंस को खूब पसंद आ रही है। उन्होंने अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा ठमेरे सभी दोस्तों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं। आप सभी को ढेर सारी खुशियां मिलें। गणेश चतुर्थी के मौके पर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और ऋषभ पंत ने भी सभी को शुभकामनाएं दी हैं। कोहली ने भगवान गणेश की एक फोटो शेयर की, जिसमें नीचे लिखा था गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं। वहीं, ऋषभ पंत ने गणपति बप्पा के साथ अपनी फोटो शेयर की। ये दोनों खिलाड़ी दुबई में हैं और एशिया कप में शामिल भारतीय टीम का हिस्सा हैं। हालांति, पंत को पहले मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था। अब भारत को दूसरा मैच 31 अगस्त को हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ खेलना है। भारत के साथ वॉर्नर का खास लगाव यह पहला मौका नहीं है, जब डेविड वॉर्नर ने भारत के प्रति अपना लगाव दिखाया है। इससे पहले भी वो भारत की फिल्मों के डायलॉग और गानों पर रील बनाते रहे हैं। उनके साथ उनकी बेटी और पतनी भी इन रील्स में नजर आती हैं। वॉर्नर फिलहाल जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं।




# पिछली बार की चैंपियन रादुकानू बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नडाल तीन साल बाद न्यूयॉर्क में जीतेरादुकानू पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो चुकी हैं। वहीं, नडाल ने जीत के साथ अगले दौर में जगह बना ली है। अल्कारेज भी दूसरे दौर में पहुंचे चुके हैं। यूएस ओपन के पहले दौर में राफेल नडाल ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। उन्होंने इस मुकाबले में 21 वर्षीय खिलाड़ी को 4-6, 6-2, 6-3, 6-3 के अंतर से हराया। रिंकी को वाइल्ड कार्ड के जरिए इस टूर्नामेंट में जगह मिली थी। 2019 के बाद यह पहला मौका है, जब नडाल न्यूयॉर्क में कोई मैच जीते हैं। वहीं, पिछली बार महिला एकल की चैंपियन बनने वाली एमा रादुकानू को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। कार्लोस अल्कारेज भी दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। अल्कारेज के खिलाफ मैच में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज पूरा मैच नहीं खेल सके और बीच मैच में बी रिटार्यड आउट हो गए। इसके बाद अल्कारेज ने दूसरे दौर में जगह बना ली है। नडाल ने इस साल ग्रैंड स्लैम में 20वां मैच जीता। उन्होंने इस साल ग्रैंड स्लैम में अपने सभी मैच जीते है। रिंकी ने इस मैच का पहला सेटी जीता और लगा कि नडाल को चुनौती देंगे, लेकिन दूसरे सेट से नडाल अपनी लय में लौटे और लगातार तीन सेट जीतकर मैच खत्म कर दिया। अब दूसरे दौर में उनका सामना इसटी के फैबियो फोगनिनी से होगा।



# कप्तान पाकिस्तानी तो उपकप्तान भारतीय, एक ही टीम के लिए खेल रहे हैं दोनों देशों के खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक ही टीम के लिए खेल रहे हैं। हॉन्ग कॉन्ग की 17 सदस्यीय टीम में 12 खिलाड़ी पाकिस्तान और चार खिलाड़ी हिंदुस्तान के हैं। एक खिलाड़ी इंग्लैंड का है। एशिया कप 2022 में भारत का दूसरा मुकाबला हॉन्ग कॉन्ग की टीम के साथ है। क्रिकेट की दुनिया में इस टीम का नाम काफी कम सुना गया है। टीम इंडिया अब तक हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ दो ही वनडे मैच खेली है और दोनों में जीत हासिल की है। भारतीय टीम पहली बार हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ कोई टी20 मैच खेलेगी। इस मुकाबले में जीत हासिल करना भारत के लिए बहुत मुश्किल नहीं होगा। हालांकि, हॉन्ग कॉन्ग की टीम काफी चौकाने वाली है। एशिया कप के मुख्य दौर में पहुंचने वाली हॉन्ग कॉन्ग टीम में कोई खिलाड़ी वहां का स्थानीय निवासी नहीं है। 17 सदस्यीय टीम में 12 खिलाड़ी पाकिस्तान के हैं। चार खिलाड़ी भारत के हैं और एक खिलाड़ी इंग्लैंड का है। खास बात यह है कि किसी भी लीग में भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी साथ में नहीं खेलते हैं, लेकिन हॉन्ग कॉन्ग की टीम में दोनों देशों के खिलाड़ी साथ खेलते हैं। हालांकि, इस टीम के लिए खेलने वाले खिलाडि.यों का भारत और पाकिस्तान से भले ही संबंध हो, लेकिन किसी का भी संबंध बीसीसीआई या पीसीबी से नहीं है। कप्तान पाकिस्तानी और उपकप्तान भारतीय हॉन्ग कॉन्ग की टीम के कप्तान निजाकत खान पाकिस्तान के पंजाब से हैं। उनका जन्म अटोक में हुआ था। वहीं, टीम के उपकप्तान किंचित शाह का नाता भारत से है। उनका जन्म महाराष्ट्र के मुंबई शहर में हुआ था। इसके अलावा टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज स्कॉट मैकेंजी इंग्लैंड मूल के हैं। हॉन्ग कॉन्ग के स्थानीय लोगों में क्रिकेट के प्रति रुचि कम है। इसी वजह से वहां के लोग अच्छे क्रिकेटर भी नहीं हैं। आइए जानते हैं कि हॉन्ग कॉन्ग की टीम में कौन सा खिलाड़ी किस देश का है पाकिस्तान यासिम मुर्तजाः टीम के सालमी बल्लेबाज पाकिस्तान के पंजाब के रहने वाले हैं। उनका जन्म सियालकोट में हुआ था। निजाकत खानः हॉन्ग कॉन्ग के कप्तान भी पाकिस्तान के पंजाब से हैं। उनका जन्म अटोक में हुआ था। बाबर हयातः हॉन्ग कॉन्ग की मौजूदा टीम के सबसे अहम बल्लेबाज बाबर भी पाकिस्तान के पंजाब राज्य के अटोक से हैं। एजाज खानः एजाज का जन्म हांगकांग में ही हुआ है, लेकिन उनके माता-पिता पाकिस्तान के रहने वाले हैं, जो बाद में हॉन्ग कॉन्ग चले गए। जीशान अलीः जीशान अली का जन्म भी पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के लाहौर में हुआ था। हरून अरशनः टीम के तेज गेंदबाज हरून भी पाकिस्तानी मूल के हैं। एहसान खानः एहसान का जन्म भी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रावलपिंडी में हुआ था। मोहम्मद घजनपारः पाकिस्तानी मूल के मोहम्मद घजनपार भी अब हॉन्ग कॉन्ग के लिए क्रिकेट खेलते हैं। वाजिद शाहः वजिद भी पाकिस्तानी मूल के हैं। अफताब हुसैनः अफताब का नाता भी पाकिस्तान से है। मोहम्मद वहीदः पाकिस्तानी मूल के वहीद भी हॉन्ग कॉन्ग की टीम का हिस्सा हैं। अतीक इकबालः पाकिस्तान के अतीक भी हॉन्ग कॉन्ग के लिए खेलते हैं। भारत किंचित शाहः भारत के मुंबई शहर में जन्में किंचित शाह भी अब हॉन्ग कॉन्ग के लिए क्रिकेट खेलते है।



# तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए डेविड वार्नर का भारत दौरे पर इस वजह से आना हुआ कैंसल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले आस्ट्रेलिया की टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने भारत दौरे पर आएगी। दोनों देशों के बीच ये तीनों मैच 20,23 और 25 सितंबर को खेले जाएंगे, लेकिन इस टी20 सीरीज में आस्ट्रेलिया के तूफानी ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर नजर नहीं आएंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2022 को देखते हुए डेविड वार्नर को इस टी20 सीरीजी के लिए आराम दिया गया है और इसकी वजह से वो भारत नहीं आएंगे। भारतीय दौरे के लिए डेविड वार्नर की जगह टीम में कैमरून ग्रीन को शामिल किया गया है। आस्ट्रेलिया की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ भी सीरीज खेलेगी। इसके बाद वो भारतीय दौरे पर आएगी और यहां पर सीरीज खेलकर फिर स्वदेश वापस लौट जाएगी। मोहाली पहले टी20 मैच की मेजबानी 20 सितंबर को करेगा, उसके बाद दूसरा (23 सितंबर) और तीसरा (25 सितंबर) मैच क्रमशः नागपुर और हैदराबाद में आयोजित होगा।

# राशिफल

**मेष-**:आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष-**:आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन-**:आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

**कर्क-**:आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह-**:आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या-**:नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**तुला-**:यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

**वृश्चिक-**:आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु-**: आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

**मकर-**:आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ-**:आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन-**:आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को धोया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 127 रन बनाए थे। मोसद्दक हुसैन ने सबसे ज्यादा 48 रन की पारी खेली थी। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासि कर लिया। अफगानिस्तान के लिए नजीबुल्लाह जादरान ने सबसे ज्यादा 43 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान ने एशिया कप 2022 के तीसरे मैच में पिछली बार की उपविजेता टीम बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 127 रन बनाए थे। मोसद्दक हुसैन ने सबसे ज्यादा 48 रन की पारी खेली थी। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अफगानिस्तान के लिए नजीबुल्लाह जादरान ने सबसे ज्यादा 43 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की टीम की यह लगातार दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका को हराया था। बांग्लादेश पर जीत के साथ अफगानिस्तान की टीम ने सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की टीम सुपर-4 के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम है। बांग्लादेश का यह पहला मैच था। अब टीम एक सितंबर को श्रीलंका से भिड़ेगी। दोनों में से जीतने वाली टीम सुपर-4 में जगह बनाएगी। वहीं, अफगानिस्तान ने ग्रुप-बी में शीर्ष पर रहते हुए ग्रुप स्टेज को खत्म किया। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। टीम की शुरुआत खराब रही। इस मैच में अफगानिस्तान के स्पिनर्स ने कहर बरपाया। बांग्लादेश के सात में से छह विकेट मुजीब उर रहमान और राशिद खान ने झटके। चार ओवर में मुजीब ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं, राशिद ने चार ओवर के कोटे में 22 रन देकर तीन विकेट झटके।

# संजय मांजरेकर ने समझाया- विराट कोहली के लिए क्यों आसान है आगे का जीवन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संजय मांजरेकर ने कहा है कि कोहली ने अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है, लेकिन उन्हें थोड़ा और बदलने की जरूरत है। इसके बाद उनका जीवन आसान होगा। एशिया कप में भारत का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ था। इस मैच में विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद थी। मैच की तीसरी गेंद में बल्लेबाजी करने आए विराट बेहतरीन अंदाज में खेल रहे थे। उनका एक कैच जरूर छूटा, लेकिन इसके बाद वो अच्छी लय में नजर आए। ऐसा लग रहा था कि आज कोहली के बल्ले से बड़ी पारी आएगी और वो भारत को जीत दिलाकर ही वापस लौटेंगे। इसी बीच उन्होंने अपना विकेट फेंक दिया और 35 रन के स्कोर पर आउट हो गए। विराट इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाए, लेकिन वो टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। इस पारी में विराट ने दिखाया कि वो लय में लौट चुके हैं। उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए और पुराने विराट कोहली की झलक उनके अंदर दिखाई दी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट के लिए आगे का जीवन आसान है, लेकिन उन्हें अपनी बल्लेबाजी में एक दो बदलाव करने होंगे। कोहली को बैकफुट पर भी शॉट खेलने की जरूरत संजय मांजरेकर ने कहा कि विराट ने अपनी बल्लेबाजी में थोड़े बदलाव किए हैं। उन्होंने एक हुक शॉट खेला, जिसमें उन्हें छह रन मिले थे। इसके बाद उन्होंने कुछ पुल शॉट भी खेले। हालांकि, अभी भी वो फ्रंट फुट पर ज्यादा खेल रहे हैं। इसी वजह से एक कैच स्लिप में गया था। उन्हें थोड़ा और बैकफुट पर जाने की जरूरत है। इससे वो बैकफुट पर शॉट खेल पाएंगे और गेंदबाजों को परेशानी में डालेंगे। मांजरेकर ने कहा कि गेंद खेलने से पहले वो थोड़ा सा बैकफुट पर जा रहे थे। इसी वजह से उन्हें फायदा मिला। उन्हें अपने खेल में थोड़ा और बदलाव करने की जरूरत है। विराट बैकफुट पर थोड़े और शॉट खेलेंगे तो उनके लिए आगे का जीवन बेहद आसान होने वाला है। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ विराट से वापसी की उम्मीद इस टूर्नामेंट में भारत का दूसरा मैच हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ है। इस मैच में विराट से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। हॉन्ग कॉन्ग की गेंदबाजी काफी कमजोर है और कोहली इसका फायदा उठाकर लय हासिल कर सकते हैं।



# वर्ल्ड कप समेत आईसीसी टूर्नामेंट्स के लिए अलग-अलग बंटे टीवी और डिजिटल के राइट्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** समझौते के मुताबिक डिजने स्टार जी एंटरटेनमेंट को चार साल (2024-27) तक होने वाले सभी आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट्स के लिए टीवी राइट्स का लाइसेंस देगा। यानी अब 2024 से लेकर 2027 तक भारत में टीवी पर आईसीसी के सभी पुरुष टूर्नामेंट्स का प्रसारण जी एंटरटेनमेंट करेगा। जी एंटरटेनमेंट और डिजने स्टार के बीच मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है। यह समझौता भारत में वर्ल्ड कप समेत पुरुषों के आईसीसी टूर्नामेंट्स के टीवी राइट्स के लिए था। इस समझौते के मुताबिक डिजने स्टार जी एंटरटेनमेंट को चार साल (2024-27) तक होने वाले सभी आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट्स के लिए टीवी राइट्स का लाइसेंस देगा। यानी अब 2024 से लेकर 2027 तक भारत में टीवी पर आईसीसी के सभी पुरुष टूर्नामेंट्स का प्रसारण जी एंटरटेनमेंट करेगा। वहीं, डिजने स्टार के पास डिजीटल (ओटीटी) के राइट्स होंगे। मंगलवार को जारी एक प्रेस रिलीज में डिजने स्टार और जी एंटरटेनमेंट ने बताया कि आईसीसी ने इस समझौते पर सहमति दे दी है। इससे पहले डिजने ने 26 अगस्त को 2024 से लेकर 2027 के चार साल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भारतीय मार्केट के लिए टीवी और डिजिटल प्रसारण अधिकार खरीदे थे। इसके लिए डिजने स्टार ने तीन बिलियन डॉलर की राशि चुकाई थी। डिजने ने 2027 के अंत तक पुरुषों और महिला क्रिकेट के वैश्विक आयोजनों के टीवी और डिजिटल अधिकार हासिल किए थे। हालांकि, अब पुरुषों का टीवी पर प्रसारण जी एंटरटेनमेंट करेगा। 2024 से लेकर 2027 तक आईसीसी के चार पुरुष इवेंट्स होने हैं। इनमें दो टी-20 विश्व कप (2024 और 2026), 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी और 2027 में वनडे विश्व कप होना है। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक पुनीत गोयनका ने कहा कि 2027 तक आईसीसी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट्स के आयोजनों के लिए वन-स्टॉप टेलीविजन डेस्टिनेशन के रूप में जी अपने दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। इसके लिए जी एडवरटाइजर्स की मदद करेगा और अपने नेटवर्क की ताकत का लाभ उठाएगा। आईसीसी और डिजने स्टार के साथ हम काम करने के लिए तत्पर हैं।



# सम्पादकीय

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की चुनौतियां, लक्ष्य कठिन है लेकिन असंभव नहीं

इस बार स्वतंत्रता दिवस का अवसर विशेष था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन भी विशिष्टता लिए हुए था। परंपराओं से हटकर प्रधानमंत्री का भाषण तात्कालिक न होकर भविष्योन्मुखी था। उन्होंने अगले 25 वर्षों में अमृत काल के दौरान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान कर लोगों से योगदान की अपील की। इसके लिए उन्होंने पांच प्रण लेने को कहा। भारत को राजनीतिक स्वतंत्रता खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के साथ मिली थी, जबकि ऐतिहासिक रूप से देखें तो अतीत में भारत लंबे समय तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा। उसे सोने की चिडि़या कहा जाता था। ब्रिटेन समेत तमाम यूरोपीय देशों ने भारत से व्यापार की पींगें बढ़ाकर अपनी आर्थिकी को समृद्ध किया। यह भारत का दुर्भाग्य रहा कि ये व्यापारी ही उसके नीति-नियंता बन गए, जो उसे लूट-खसोटकर धन-संपदा साथ ले गए और अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। स्वतंत्रता के बाद से आर्थिक मोर्चे पर भारत ने लंबी यात्रा तय की है। वह नामिनल जीडीपी के लिहाज से दुनिया की पांचवीं, क्रय शक्ति समानता यानी पीपीपी के आधार पर तीसरी और दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब यह एक मध्यम आय बाजार अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद अभी भी करोड़ों भारतीय अपने आर्थिक उत्थान की प्रतीक्षा में हैं। प्रधानमंत्री मोदी का पहला प्रण ही प्रत्येक भारतीय की आंखों से आर्थिक दुश्वारियों के आंसू पोंछने पर केंद्रित है। नेताओं का सोच और गतिविधियां दो धुरियों पर केंद्रित होती हैं। एक धुरी अतीत और भविष्य के बीच में होती है और दूसरी नेतृत्वकर्ताओं के मूल्यों और आकांक्षाओं से जुड़ी हुई। आकांक्षी भारत बेचैन है। मोदी को ऐसे भारत की राजनीतिक समझ है। राष्ट्र के नेता के रूप में उन्होंने पहले मूल्यों और सिद्धांतों का उल्लेख किया और फिर वह कहा जिसे सुनने के लिए भारत प्रतीक्षारत है। देश को प्रेरित करने की रणनीति के तहत नेताओं को संवाद के माध्यम से दुविधाओं को दूर करना होगा। उद्देश्यों को समझाना होगा।नीतियों को बनाने और उन्हें सिरे चढ़ाने की दिशा में मोदी की टीम आठ वर्षों से अनथक रूप से सक्रिय है। उन्होंने जीएसटी, आइबीसी, रेरा और एमपीसी जैसे बड़े ढांचागत सुधारों को मूर्त रूप देने के लिए भारी राजनीतिक पूंजी दांव पर लगाई। इसके साथ ही गतिशक्ति, डिजिटलीकरण, जैम और ई-गवर्नेंस के माध्यम से मोबिलिटी, लागत घटाव, सुविधा और वितरण पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए और प्रयास करने होंगे। इसमें संस्थागत ढांचे, संसाधन आवंटन और वितरण तंत्र पर व्यापक रूप में नए सिरे से ध्यान देना होगा। अमूमन 12,000 से 15,000 डालर की प्रति व्यक्ति जीडीपी के आधार पर अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में जगह मिल जाती है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2047 तक भारत की जनसंख्या 164 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसलिए यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्रों की पांत में शामिल होना है तो उस समय भारत की आर्थिकी करीब 20 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर होनी चाहिए, जो फिलहाल 3.2 ट्रिलियन डालर है। यानी 25 वर्षों में जीडीपी को छह गुना अधिक बढ़ना पड़ेगा। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है? मेरा जवाब होगा कि यह मुश्किल अवश्य है, लेकिन असंभव बिल्कुल नहीं। भारत की पहचान एक उद्यमी समाज के रूप में बन रही है। फिलहाल वह नवउद्यमों और यूनिकार्न्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ठिकाना बन गया है। यूनिकार्न एक अरब डालर मूल्यांकन वाले उपक्रम होते हैं। यह संतुष्टि का विषय है कि हमारे स्टार्टअप तंत्र को नया रूप-स्वरूप दिया गया है। भारत के लाखों युवा नौकरी पाने की जगह नौकरी देने वाले बनने के इच्छुक और इस दिशा में प्रयासरत हैं। ऐसे में अगले 25 वर्षों के दौरान 10,000 यूनिकार्न के सृजन की व्यापक योजना बनाना उचित होगा। वहीं कुछ सौ डेकाकोर्न की योजना भी बनाई जानी चाहिए। डेकाकोर्न 10 अरब डालर मूल्यांकन वाले उपक्रम होते हैं। ये अकेले जीडीपी में 12 ट्रिलियन डालर जोड़ सकते है। नास्काम के अनुसार भारत के करीब 66 यूनिकार्न ने 33 लाख लोगों को रोजगार दिया है। यानी एक यूनिकार्न औसतन 5000 नई नौकरियां सृजित करती है। ऐसे में 10,000 यूनिकार्न में अगले 25 वर्षों में पांच करोड़ रोजगार सृजन करने की संभावनाएं होंगीं। देश में कई एक्सप्रेसवे पहले ही बनकर तैयार हो गए हैं। कुछ तैयार होने के पड़ाव हैं और तमाम की योजना बनाई जा रही हैं। राज्यों को इन एक्सप्रेसवे के इर्दगिर्द दो से दस लाख की आबादी के लिए अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करनी चाहिए। प्रत्येक टाउनशिप कुछ क्षेत्रों के लिए विशेष केंद्र (हब) बननी चाहिए। इन टाउनशिप में बिजली और ब्राडबैंड कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं के अतिरिक्त चयनित क्षेत्रों के लिए आधुनिक औद्योगिक केंद्र भी बनाने होंगे।

## क्रांति की संभावनाएं जगाता नैनो उर्वरक

रमेश कुमार दुबे : देश में जितना ध्यान खाद्यानन्न उत्पादन पर दिया गया, उतना ध्यान खेती की लागत घटाने और उपज के भंडारण-विपणन पर नहीं दिया गया। यही कारण है कि खेती-किसानी समय के साथ कदमताल नहीं कर पाई और घाटे का सौदा बन गई। इस घाटे की भरपाई के लिए सरकारों ने जो उपाय किए, वे सभी तात्कालिक राहत प्रदान करने वाले थे जैसे कृषि ऋणों की माफी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के




बाद नरेन्द्र मोदी ने खेती को फायदे का सौदा बनाने के लिए दूरगामी उपाय करने शुरू किए। इनमें प्रमुख हैं- नीम कोटेड यूरिया, आपरेशन ग्रीन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मंडियों का आधुनिकीकरण एवं ई-नाम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और जैविक खेती को प्रोत्साहन। मोदी सरकार का सर्वाधिक बल फसल विविधीकरण पर है, ताकि फसल चक्र का पालन हो और खेती की लागत में कमी आए। इसके लिए मोटे अनाजों, दलहनी-तिलहनी फसलों के समर्थन मूल्य में भरपूर बढ़ोतरी करते हुए उनकी सरकारी खरीद को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं अब प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार जैव उर्वरक, जैव कीटनाशक, जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। रासायनिक उर्वरकों-कीटनाशकों के अविवेकपूर्ण उपयोग से मिट्टी-जल-वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ इनके आयात पर भारी-भरकम विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। बढ़ती बीमारियों और पड़ोसी देशों को यूरिया की तस्करी आदि को देखते हुए मोदी सरकार ने 2015 में यूरिया नीति घोषित की, जिसमें घरेलू उत्पादन बढ़ाने, यूरिया उत्पादन में ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने और बंद पड़े उर्वरक संयंत्रों को नए सिरे शुरू करने पर फोकस किया गया। यूरिया नीति के सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। 2025 तक रामागुंडम, गोरखपुर, सिंदरी, बरौनी आदि के उर्वरक संयंत्रों के अलावा अन्य स्थानों पर नए संयंत्र भी पूरी क्षमता से उत्पादन शुरू कर देंगे। इससे 2025 तक भारत यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर बन जाएगा। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति के बाधित होने और चीन एवं अन्य देशों द्वारा निर्यात में कटौती के कारण इस साल देश में यूरिया की उपलब्धता प्रभावित हुई है, जिससे यूरिया की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी के 2.5 लाख करोड़ रुपये पार कर जाने का अनुमान है, जो गत वित्त वर्ष के 1.62 लाख करोड़ रुपये की तुलना में बहुत अधिक है।

# नए सिरे से परिभाषित हों कल्याणकारी योजनाएं, विकास की दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान देने की आवश्यकता

देश में इन दिनों चुनावी लोकलुभावनवाद की चर्चा है। राजनीतिक गलियारों से लेकर अदालती कक्षों में चुनावों के समय किए जाने वाले ऐसे वादों से जुड़ी रेवड़ी संस्कृति पर बहस हो रही है। इस विषय पर गंभीरता से विचार करने के बजाय राजनीतिक दल अपने-अपने तर्क गढ़ने में लगे है, जबकि उन्हें समझना होगा कि ऐसे वादों के वित्तीय बोझ से न केवल अर्थव्यवस्था को गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावना पर भी गहरा आघात होगा। इसकी कीमत कई पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी। हाल के दौर में श्रीलंका की आर्थिक दुर्दशा के पीछे भी ऐसे ही वादों की अहम भूमिका रही, जिसके बाद भारत में इस बहस ने जोर पकड़ा। संवैधानिक प्रविधानों के अनुसार लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए केंद्र और राज्य सरकारें कई लोकप्रिय कार्यक्रम संचालित कर रही हैं। जैसे कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस। इसके माध्यम से निर्धन लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिलता है। इसी प्रकार रोजगार गारंटी योजना लोगों को काम का अधिकार देती है। शिक्षा और स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में संचालित कार्यक्रम अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करते हैं, जिससे देश समावेशी विकास की दिशा में बढ़ सके। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जहां सीमित संसाधनों के अनुकूलतम दोहन द्वारा समाज की उत्पादकता को बढ़ाना है, वहीं आय असंतुलन को कम करके सामाजिक विस्फोट की संभावनाओं को नगण्य करना भी है। इनके विपरीत चुनाव के समय मतदाताओं को लुभाने के लिए पार्टियां लोकलुभावन वादों की झड़ी लगा देती है। उनमें टीवी, मिक्सर ग्राइंडर, नगद रुपये, मोबाइल, लैपटाप, स्कूटी और मुफ्त बिजली आदि देने की पेशकश की जाती है। कुछ महीनों पहले पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा हर व्यस्क महिला को 1000 रुपये महीने का भत्ता और हरेक परिवार को 300 यूनिट फ्री में बिजली देना कल्याणकारी योजनाओं का उपहास है। मुफ्त उपहार के वादों के सकारात्मक से अधिक नकारात्मक प्रभाव होते हैं। इससे अर्थव्यवस्था पर हजारों करोड़ रुपये का बोझ पड़ना तय है। दूसरा, ऐसी सुविधाएं उन्हें भी मिलेंगी, जो कल्याणकारी योजनाओं के लक्षित वर्ग से बाहर हैं। इससे करदाताओं में असंतोष उत्पनन्न होगा। तीसरा, लोगों में कार्य के प्रति उदासीनता का भाव पैदा होगा। इससे उत्पादकता घटेगी, क्योंकि लोगों को बैठे-बिठाए लाभ मिलते रहेंगे। दरअसल सभी दल जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 की अस्पष्टता का लाभ लेने में लगे हुए हैं। इस एक्ट के अनुसार यदि कोई प्रत्याशी या उससे जुड़ा कोई व्यक्ति घूस, उपहार या फिर अन्य कुछ देने का वादा करता है तो उसकी मान्यता रद की जा सकती है। इसीलिए कल्याणकारी योजनाओं को आज नए सिरे से स्पष्ट रूप में फिर से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता है। चूंकि अधिकांश राजनीतिक दलों का एकमात्र उद्देश्य किसी भी कीमत पर चुनाव जीतना होता है तो इसी कारण कभी न खत्म होने वाला मुफ्तखोरी का चक्र जारी रहता है। इससे राज्य पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ की उन्हें चिंता नहीं रहती। जबकि राजकोष पर वित्तीय दबाव बढ़ने से अन्य क्षेत्रों के लिए आवश्यक संसाधन कम पड़ जाते हैं। इसका दुष्प्रभाव आर्थिक विकास पर पड़ता है। वैसे भी भारत में सरकारों के पास पहले से ही सीमित वित्तीय संसाधन हैं। राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन समीक्षा समिति ने 2023 तक केंद्र के लिए ऋण जीडीपी अनुपात क्रमशः 40 प्रतिशत और राज्यों के लिए 20 प्रतिशत तक रखने की सिफारिश की थी, परंतु स्थिति इसके विपरीत है। लगभग सभी राज्यों का ऋण जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) अनुपात निर्धारित सीमा से बहुत अधिक है। पंजाब में तो यह वित्तीय वर्ष 2022 में 53.3 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर रहा। राजस्थान, बंगाल, केरल और आंध्र प्रदेश में ऋण जीएसडीपी अनुपात क्रमशः 39.8 प्रतिशत, 38.8 प्रतिशत, 38.3 प्रतिशत और 37.6 प्रतिशत हैं। याद रहे कि श्रीलंका के आर्थिक पतन के समय उसका यह ऋण अनुपात 102.8 प्रतिशत था। वैसे प्रत्येक दल को यह बखूबी मालूम है कि मुफ्त उपहारों के लिए धन जुटाना बड़ी चुनौती है। यही कारण है कि तमाम दल राज्यों में सरकार बनाने के बाद केंद्र के आगे झोली फैलाने लगते हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहली मुलाकात में ही 50,000 करोड़ रुपये का आर्थिक पैकेज मांग लिया था। रेवड़ी संस्कृति का एक अन्य पहलू सब्सिडी भी है। सब्सिडी और रेवडि़यों में अंतर होता है। लक्षित वर्ग को सब्सिडी प्रदान करने का उद्देश्य उनकी दशा सुधारना और अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाना होता है, जिससे दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था को लाभ मिल सके। वहीं रेवड़ी संस्कृति पूरी तरह अनुत्पादक है। ऐसे में राजनीतिक दलों को यह समझ लेना चाहिए चुनावों का मुख्य फोकस केवल विकास आधारित कार्यक्रमों पर होना चाहिए। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन के उपायों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाए। यही उपाय कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना को साकार करते हैं। यदि कोई राजनीतिक दल लोकलुभावन वादे करता है तो उसे जनता को बताना होगा कि इसके लिए धन की व्यवस्था किस प्रकार करेगा? साथ ही चुनाव आयोग को अधिक शक्तियां दी जानी चाहिए, जिससे देश हित में लोकलुभावन वादों पर लगाम लगाई जा सके। रेवड़ी संस्कृति के उन्मूलन के लिए मतदाताओं के दृष्टिकोण में भी परिवर्तन की आवश्यकता है। उसे समझना होगा कि अल्पकालीन मुफ्त उपहारों से अधिक विकास की दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।



## पुत्र मोह में बिखरती कांग्रेस, हर राज्य में तैयार हैं 'गुलाम नबी आजाद'

महाभारत के प्रसंग से दो पात्रों का चुनाव करके यह तय करना हो कि महाभारत युद्ध के लिए कौन ज्यादा जिम्मेदार था, तो क्या फैसला ज्यादा मुश्किल होगा? ऐसा लगता नहीं। दो पात्र है धृतराष्ट्र और दुर्योधन। एक का मोह और दूसरे का अहंकारी हठ, दोनों ही महाभारत युद्ध के लिए जिम्मेदार माने जाएंगे। गंभीरता से विवेचना करें तो धृतराष्ट्र सबसे बड़े दोषी नजर आएंगे। यही कारण है कि हजारों साल बाद भी आम जीवन में दुर्योधन से ज्यादा धृतराष्ट्र का उदाहरण दिया जाता है। आप ठीक समझ रहे हैं। मै कहां पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं। कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं में से एक गुलाम नबी आजाद ने पार्टी छोड़ दी। यह कोई बड़ी या अनहोनी बात नहीं है। पिछले आठ साल से यह सिलसिला निर्बाध गति से चल रहा है। कांग्रेस के अलावा सब पर इसका असर पड़ रहा है। पार्टी छोड़ने वालों को पदलोलुप, कायर और जाने क्या-क्या कहा जाता है। याद कीजिए कौरवों की सभा, वहां भी ऐसा ही होता था। गुलाम नबी आजाद ने ऐसा कुछ नहीं कहा है जो जनमानस में पहले से न रहा हो। जो सबको पता था या कहें कि जिसका सबको अंदाजा था, उसकी उन्होंने पुष्टि भर की है। गुलाम नबी आजाद इंदिरा गांधी के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के साथ भी काम किया है और सोनिया गांधी के एकछत्र साम्राज्य के सुपात्र और भुक्तभोगी, दोनों रहे। जो बातें वह पार्टी के अंदर कहने की कोशिश करते रहे, उसे पार्टी से निकलते समय सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कही।पुराने डाक्टर मरीज की नब्ज देखकर ही रोग का पता लगा लेते थे। गुलाम नबी आजाद राजनीति के वही पुराने डाक्टर हैं। उन्होंने मर्ज का तो पता लगा लिया था, लेकिन समस्या यह हुई कि मरीज दवा लेने को तैयार नहीं था। इतना ही नहीं, मरीज की अभिभावक डाक्टर का साथ देने के बजाय मरीज का साथ दे रही। अब इस बात को थोड़ा सगुण तरीके समझते हैं। आजाद साहब कह रहे हैं कि साल 2013 की जनवरी में जयपुर अधिवेशन में राहुल गांधी के पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद से स्थितियां बिगड़ने लगीं। राहुल गांधी अपनी टीम बनाना चाहते थे। यह तो ठीक था, पर वह पार्टी के अनुभवी नेताओं के अपमान की नींव पर अपनी टीम की नई इमारत तामीर करना चाहते थे। जिसने भी असलियत बताने की कोशिश की, उसे गुस्ताख समझा गया। राहुल के आसपास ऐसे लोग जुट गए, जिन्हें राजनीति की बारीकियां छोड़?ए, मोटी समझ भी नहीं है। बात यहीं तक रहती तो गनीमत थी। राहुल के आसपास के लोग पार्टी के अहम फैसले भी लेने लगे। जिन लोगों ने अपने जीवन के 40-50 साल पार्टी के लिए लगा दिए, उन्हें दरबार का गुलाम समझा गया। कहा और जताया गया कि आज जो भी हो, हमारी कृपा से हो। जैसे उन लोगों का तो कोई योगदान ही नहीं रहा हो। गुलाम नबी आजाद ने कुछ बातें बड़े साफ शब्दों में कहीं। एक यह कि राहुल गांधी के सर्वशक्तिमान होते ही पार्टी के नीचे जाने का सिलसिला शुरू हो गया। कोढ़ में खाज यह कि इसे रोकने का प्रयास करने वालों की पार्टी के प्रति निष्ठा और परिवार के प्रति वफादारी को संदेह की नजर से देखा जाने लगा। अब जरा हालात पर गौर कीजिए। आजाद साहब जैसे लोगों के लिए तो कहा गया कि राज्यसभा नहीं मिली, पद नहीं मिला और अब उम्र हो गई है, इसलिए ऐसी बातें कर रहे हैं। तो सवाल है कि युवा नेतृत्व यानी राहुल गांधी के रहते हुए युवा नेता क्यों पार्टी छोड़कर जा रहे हैं इनमें सबसे ज्यादा वे नेता हैं, जो राहुल गांधी के सखा माने जाते रहे हैं। नेता इसलिए कांग्रेस से नहीं जा रहे हैं कि उन्हें पद नहीं मिला। पार्टी छोड़कर जाने वाले मुख्य तौर से पांच वजहों से जा रहे। पहला, उन्हें राहुल गांधी के रहते कांग्रेस का भविष्य नहीं दिखता। उनके भविष्य का प्रशन्न तो तब आता जब कांग्रेस का भविष्य दिखता। दूसरा, वे देख रहे थे कि परिवार के प्रति वफादारी (जो पहले भी थी), अयोग्यता और राजनीतिक अनुभवहीनता सबसे बड़ा गुण माना जाने लगा है। तीसरा, राहुल गांधी के उठाए मुद्दों और जमीनी हकीकत में कोई साम्य नहीं है। चौथा, पुत्र मोह के आगे सोनिया गांधी को कुछ दिखना ही बंद हो गया है। पांचवां, अपमान। राहुल गांधी ही नहीं, उनकी मंडली के लोग भी वरिष्ठ नेताओं का अपमान करना अपने नेता की नजर में अच्छे बने रहने की आवश्यक शर्त मानने लगे हैं। और आखिरी अहम बात यह कि इन सबकी कहीं सुनवाई नहीं। महाभारत के प्रसंग की बात हो रही थी तो मुझे लगता है गुलाम नबी आजाद विदुर की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे थे। कोशिश इसलिए, क्योंकि परिवार के प्रति उनकी निष्ठा उन्हें विदुर की तरह बेबाक और तल्ख होने से रोक रही थी, पर जब संबंध विच्छेद की घड़ी आई तो उन्होंने यह संकोच त्याग दिया। इसलिए उन्होंने वह सब लिखा और कहा, जो इससे पहले कांग्रेस छोड़कर गए नेता नहीं बोल पाए। कांग्रेस में अब भी ऐसे नेता है जो इंदिरा गांधी और राजीव गांधी से सोनिया और राहुल की तुलना में ज्यादा जुड़े हैं। यह जानते हुए भी कि इंदिरा गांधी या राजीव कुछ देने नहीं आएंगे। कुल मिलाकर अभी तक जो लोग कांग्रेस छोड़कर गए, उनके कहे और गुलाम नबी आजाद के पत्र से तीन बातें साफ है। एक, राजनीति राहुल गांधी के बस की बात नहीं है। दूसरा, राहुल गांधी कांग्रेस के पुनर्गठन के रास्ते की सबसे बड़ी बाधा हैं। तीसरा, सोनिया गांधी पुत्र मोह में पार्टी की कुर्बानी के लिए तैयार हैं। बहुत साल पहले एक पाकिस्तानी धारावाहिक आता था। वह भारत में भी लोकप्रिय था। नाम था 'बकरा किस्तों पर'। राहुल की अक्षमता और सोनिया गांधी के पुत्र मोह ने तय कर दिया है कि कांग्रेस नाम का यह बकरा किस्तों में कटेगा। यदि कोई कांग्रेस छोड़ने वालों की सूची बना रहा हो तो उसमें ढेर सारे पनन्ने जोड़ लीजिए, क्योंकि हर राज्य में गुलाम नबी तैयार हैं। सबके बर्दाश्त की क्षमता अलग-अलग होती है। इसलिए कांग्रेस का विखंडन टुकड़ों में होगा। इसे कोई रोक नहीं सकता।




## आतंक सहने की आत्मघाती आदत, ऐसी हरकतों की अनदेखी आफत को निमंत्रण है

पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कोई नई बात नहीं। यह भी नई बात नहीं कि अक्सर ऐसे आतंकी मारे जाते हैं या फिर पकड़े जाते हैं। एक ऐसा ही आतंकी तबरीक हुसैन 21 अगस्त को कश्मीर के नौशहरा के झंगड़ क्षेत्र में पकड़ा गया। वह अपने साथियों के साथ सीमा पर लगे तार काट रहा था। तभी भारतीय सैनिकों की उस पर नजर पड़ी। उन्होंने चेतावनी दी तो तबरीक संग घुसपैठ करने आए आतंकी भागने लगे। इस पर हमारे सैनिकों ने गोलियां चलाईं, जिससे तबरीक घायल हो गया और उसके बाकी साथी भाग गए। उसे कंधे और जांघ पर गोलियां लगी थीं और उसका काफी खून भी बह गया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हमारी सेना के जवानों ने उसे तीन बोतल खून दिया। उसका ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव था, जो कि दुर्लभ माना जाता है। उसकी सर्जरी हुई और अब वह खतरे से बाहर है। तबरीक हुसैन ने बताया कि उसे कश्मीर में आत्मघाती हमले के लिए भेजा गया था और इसके लिए पाकिस्तानी सेना की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के एक कर्नल यूसुफ ने 30 हजार रुपये दिए थे। अस्पताल से बाहर आने पर तबरीक हुसैन के साथ क्या किया जाएगा, पता नहीं। उसे कितने साल की जेल होगी, यह भी पता नहीं। जो पता है, वह यह कि तबरीक हुसैन ने अपने भाई हारुन अली के साथ अप्रैल 2016 में भी घुसपैठ की थी। तब भी वह पकड़ा गया था, लेकिन नवंबर 2017 में उसे मानवीय आधार पर रिहा करके पाकिस्तान को सौंप दिया गया था। कोई नहीं जानता कि इस बार ऐसा होगा या नहीं, लेकिन उसके बारे में भारतीय सेना के ब्रिगेडियर राजीव नैयर का यह कहना कई सवाल खड़े करता है कि वह हमारे लिए एक आम घायल व्यक्ति की तरह है और यही मानकर उसका उपचार कराया जा रहा है। आखिर आत्मघाती हमले के लिए भारत में घुसा आतंकी आम आदमी की तरह कैसे हो सकता है? क्या घायल होने के कारण वह आतंकी नहीं रह गया? क्या हम इसकी अनदेखी कर दें कि यदि वह घुसपैठ करने में सफल रहता तो हमारे सुरक्षा बलों के किसी ठिकाने या फिर उनके काफिले पर हमला करता? ऐसे किसी हमले में क्या होता, इसकी कल्पना करना कठिन नहीं। किसी के लिए भी समझना कठिन है कि आत्मघाती हमले के लिए भारत में घुसे आतंकी तबरीक हुसैन को 2017 में किस मानवीय आधार पर रिहा कर पाकिस्तान को सौंप दिया गया था क्या आतंकियों के भी मानवाधिकार होते हैं या फिर यह मान लिया गया है कि उन पर रहम दिखाकर उनका हृदय परिवर्तन किया जा सकता है यदि ऐसा कुछ सोचा जा रहा है तो यह आत्मघाती उदारता के अलावा और कुछ नहीं। वास्तव में यह मामला उसी सदियों पुरानी मानसिकता की याद दिलाता है, जिसके तहत हमारे अस्तित्व को मिटाने पर आमादा खूंखार-बर्बर आक्रांताओं के प्रति भी उदारता बरती जाती थी और उन्हें जड़-मूल से नष्ट करने के स्थान पर प्रायः उन्हें क्षमा कर दिया जाता था।



## संक्षिप्त समाचार

### चीन को ताइवान की दो टूक जरूरत पड़ी तो आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई से नहीं चूकेंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ताइपे।** अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से चीन लगातार ताइवान से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य आभ्यास कर रहा है। इसपर ताइवान ने अब चीन को दो टूक कहा है। ताइवान ने बुधवार को कहा कि अगर चीनी सैन्य बल उसके क्षेत्र में प्रवेश करते हैं तो वह अपने आत्मरक्षा के अधिकार का उपयोग करते हुए जवाबी हमला करने से संकोच नहीं करेंगे। एक समाचार ब्रीफिंग में ताइवान के ऑपरेशन और योजना के लिए जनरल स्टाफ के उप प्रमुख लिन वेन-हुआंग ने कहा कि चीन के लड़ाकू विमान और जहाज ताइवान के 12 समुद्री मील के समुद्री और हवाई क्षेत्र में तक प्रवेश कर चुके हैं। अगर चीन सैन्य अभ्यास ऐसे ही जारी रखेगा, तो ताइवान की राष्ट्रीय सेना बिना किसी अपवाद के चीन के खिलाफ आत्मरक्षा और जवाबी हमले के अधिकार का प्रयोग करेगी। ताइवान के रक्षा अधिकारी ने कहा कि ताइवान के पास चीन की बड़े स्तर पर सैन्य गश्त जारी है। ताइवान का आरोप है कि चीन उनके देश में अस्थिरता कायम करना चाहता है। बता दें कि ताइवान ने इस महीने रक्षा बजट में दोहरे अंकों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा है। चीन से मुकाबला करने के लिए ताइवान अमेरिका से नए आधुनिक लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका ने ताइवान को 1.1 बिलियन अमेरिकी डालर के हथियारों की बिक्री को मंजूरी देने की योजना बनाई है, जिसमें लड़ाकू जेट और एंटी-शिप सिस्टम के लिए सैकड़ों मिसाइल शामिल है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा कि ताइवान को हाल के वर्षों में चीन द्वारा विमान और युद्धपोतों से सैन्य गतिविधियों का सामना करना पड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को रोकने के लिए ताइवान की युद्ध क्षमता को मजबूत करने की कसम खाई है। चीन से मुकाबला करने के लिए ताइवान एडवांस तकनीकों से लैस लड़ाकू विमान और युद्ध हथियारों पर अधिक निवेश करने वाला है।

# गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती के अवसर पर गुर्जर नेताओं ने भरी हुंकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** दादरी अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा गौतमबुद्धनगर इकाई के द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर दादरी स्थित मिहिर भोज इंटर कॉलेज के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन कर गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के




प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री वेदराम भाटी एवं संचालन अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी ने किया। इस अवसर पर सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज एक चक्रवर्ती सम्राट थे। उन्होंने 836 ईस्वीं से 885 ईस्वीं तक 49 साल के लंबे समय तक शासन किया था। उन्होंने विदेश आक्रांताओं से भारत की रक्षा की और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य किये। सम्राट मिहिर भोज के राज्य का विस्तार वर्तमान मुल्तान से लेकर बंगाल तक और कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक फैला हुआ था। हमें सम्राट मिहिर भोज को आदर्श मानते हुए अपने राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री वेदराम भाटी ने कहा कि गुर्जर समाज ने सदैव देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया है और समाज आगे राष्ट की रक्षा के लिए समर्पित रहेगा। गुर्जर समाज अब जागरूक हो रहा है, समाज के नौजवान आगे बढ़कर देश को गौरवान्वित कर रहे है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि हम सब लोगों को अब गांव-गांव जाकर गुर्जर समाज को जगाना होगा और उन्हें शिक्षा एवं संस्कार का महत्व समझाना होगा। इस मौके पर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि भारत के इतिहास में गुर्जर प्रतिहार वंश के योगदान को एक षडयंत्र के तहत दबाया गया है। आज समाज नौजवान बहुत मेहनत करके अपने इतिहास को खोज करके ला रहे है। समाज मे एकजुटता और जागृति के लिए गुर्जर समाज को जागरूक करना होगा। इस मौके पर मुख्य रूप नवाब सिंह नागर, फकीर चंद नागर,दिनेश गुर्जर, बिजेंद्र भाटी, राव संजय भाटी,बिजेंद्र नागर, ईश्वर मावी,प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट, देवेंद्र टाइगर एडवोकेट, डॉ अजय भाटी, रामकुमार तवर दीपक भाटी चोटीवाला, गौतम अवाना,तेजा गुर्जर, मनवीर भाटी, देवेश राणा ,प्रदीप कसाना, नीतीश भाटी, गौरव कसाना, मनवीर भाटी, दीपक नागर, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महर्षि नगर में 31 अगस्त से 9 सितंबर तक गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** हर वर्ष की तरह बुधवार को आज महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में इस वर्ष भी श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। भाद्र मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की वैदिक विधि विधान से स्थापना की गई। मीडिया प्रभारी एके लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अगस्त से 9 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से मध्यान्ह 11:30 बजे तक तथा सायं 7:00 बजे से पूजा-अर्चना, भजन, प्रवचन, आरती होगी। प्रत्येक दिन के अनुष्ठानों और पूजा उपरांत विधि विधान से दसवें दिन प्रतिमा विसर्जित की जाएगी। श्री गणेश पूजन के इस 10 दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम में 21 वैदिक पंडितों द्वारा 1008 गणपति सहस्त्रनामवली एवं गणपति के मूलमाला का जाप किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि 11-11 पंडितों की टोलिया शास्त्रिक ढंग



से सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर रहे हैं। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के प्रभारी शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर श्री गणेश सार्थक शीर्षक पाठ की आवृत्ति वह अभिषेक करना तथा गणेश पुराण का पाठ करना व सुनना मनोकामना की पूर्ति करने वाला होता है। भाद्र मास की शुक्ल पक्ष में श्री गणेश चतुर्थी व गणेश महोत्सव की विशेष महिमा है। अनुष्ठान विभाग के प्रभारी ने कहा कि कार्य सिद्धि के लिए प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना में सहपरिवार इष्ट मित्रों सहित सम्मिलित होना चाहिए। अनुष्ठान प्रभारी ने इस 10 दिवसीय अनुष्ठान में अपने सहयोगियों, विनीत श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा, रामेंद्र यादव, गिरीश अगिन्होत्री, यादवेंद्र यादव, कमलेश यादव, एसपी गर्ग, एल एम सोम, दया शंकर गुप्ता तथा संतोष वर्मा के माध्यम से क्षेत्र भर के लोगों से पूजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

# लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** सेक्टर-45 बारात घर सदर पुर में लायंस क्लब द्वारा 30 पौधे बोगनवेलिया के लगाए। अगला पौधारोपण सितम्बर मे होगा। लायंस क्लब द्वारा गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मोदक का भोग लगाकर गणेश पूजन भी किया। इस मौके पर सचिव रचना यादव,टेरियर होर्टिकल्चर डिपार्टमेंट कुसुम पाल सिंह इन्स्पेक्टर होर्टिकल्चर के पी सिंह ,मुकुल बाजपेई उमेश कुमार तरुण चौहान पूनम गुप्ता दीप्ति वार्ष्णेय और पी के गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# ब्रम्हचारी कुटी मे हुई गणेश स्थापना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में दस दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। गणेश विधन्हर्ता हैं और मंगल करने वाले हैं। गणेश चतुर्थी को बुधवार के दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था कई वर्षों बाद फिर वही शुभ मुहूर्त



आया है।गणेश महोत्सव दस दिन तक लगातार चलेगा और 9 सितंबर को विसर्जन किया जाएगा। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर प्रातः 11:05 बजे से भगवान गणेश की मूर्ति प्रतिष्ठित की गई इसके बाद पंडित मनोहर शास्त्री एवं पंडित अभिषेक तिवारी द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया। पूजन उपरांत आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया मंगल मूरति मोरया के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भगवान भगवान गणेश की पूजा से भक्तों के विघ्न दूर होते है और जीवन में मंगल ही मंगल होता है। भगवान गणेश सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। इस अवसर पर पिंटू बाबा उर्फ विकास भारती, रवि राघव, शिवव्रत तिवारी, किशोर कपूर, ओम शर्मा, ओम कुशवाहा, चंद्रकांत दुबे, नीरज कुमार, अशोक कुमार, सुरेन्द्र यादव सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

# श्रीलंका के लिए कल हो सकता है बेलआउट पैकेज का एलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**श्रीलंका।** राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वार्ता का पहला दौर 24 अगस्त को समाप्त हुआ, जिसके दौरान आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल ने देश के मौजूदा आर्थिक संकट का विश्लेषण किया। आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल के श्रीलंका सरकार के साथ बातचीत समाप्त करने और गुरुवार को बहुप्रतीक्षित बेलआउट पैकेज और कर्मचारियों के स्तर के समझौते पर औपचारिक घोषणा करने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों में बुधवार को यह जानकारी दी गई। 1948 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से श्रीलंका अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। तीन महीने में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (छ्इ) की ओर से दूसरी यात्रा ऐसे समय में हुई है जब श्रीलंका आईएमएफ के साथ 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायत कार्यक्रम के लिए एक कर्मचारी-स्तर के समझौते को पूरा करने की पुरजोर कोशिश कर रहा है।



कोलंबो में आईएमएफ मिशन को एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है क्योंकि अधिकारियों के साथ चर्चा अभी भी जारी है, कोलंबो पेज न्यूज पोर्टल ने वरिष्ठ मिशन प्रमुख पीटर ब्रेउर के हवाले से यह बताया गया। ऋण पुनर्गठन में विशेषज्ञ ब्रेउर ने कहा कि उनकी टीम रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका सरकार के साथ बातचीत समाप्त करने और गुरुवार को औपचारिक घोषणा करने की योजना है।

# सेक्टर 82 पाकेट 7 शिव मंदिर पर हरितालिका तीज मनाई गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 शिव मंदिर पर आज हरितालिका तीज महिलाओं द्वारा बडे धूमधाम से मनाई गई। शिव मंदिर के पुजारी पं विनोद मिश्रा जी ने सभी महिलाओं को तीज की कथा सुनाई एवं पूजन कराया। और महिलाओं ने सामूहिक रूप से हरितालिका तीज पर मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक किया। सभी महिलाएं अपने सुहाग के लिए मंगल कामना की। तत्पश्चात आरती किया और मंदिर पर ही सभी महिलाएं रात्रि जागरण भी किया। इस मौके पर श्रीमती विभा शुक्ला, पुष्पा दास,रीता मिश्रा, मंजू गुप्ता, कंचन तिवारी, श्वेता शुक्ला, वंदना पाठक, शीतल सिंह, भावना पाण्डेय, गीता शर्मा, रेनू भगत, विनीता रानी,मुस्कान गुप्ता, आर्या तिवारी, भूमि गुप्ता, कनक,काव्या आदि भक्त गण मौजूद रहे।



# गणेश चतुर्थी पर नोएडा हाट में स्थापित की गणेश प्रतिमा

## नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में मणिपुर नागालैंड के उत्पादों की रही धूम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** सैक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। उक्त आयोजन महाराष्ट्र संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य रूप से दत्तारे एंग्रे, मुकेश सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां फैस्टिवल के दौरान नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान की झलक भी देखने को मिलेगी नोएडा हॉट में आठों प्रदेशों के खाने के स्टाल भी लगाए



शर्मा, रंजना चितकारा, सीमा, निकिता, आदित्य, पिंकी तथा प्रवेश ने भगवान गणेश की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ स्थापित किया। दत्तारे एंग्रे ने बताया कि 10 दिन तक नियमित गणेश पूजन के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। उधर नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में छठे दिन बुधवार को पूर्वोत्तर के मणिपुर तथा नागालैंड के उत्पादों की खासी धूम रही। मेले में मणिपुर के वाटर ग्रास द्वारा निर्मित टोकरी महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हैं। वहीं नागालैंड के सीताफल के बने पर्स व बैग भी लोगों की पसंद बने हैं। ज्ञात हो कि यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालयों डोनर मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलेपमेंट कमिशन्र हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन जाएंगे। जहां खार्जी, मोमो, ऑमिटा खार, जैडोह, केली चना, पंच फॉरन तरकारी, चाखवी तथा थुकपा का स्वाद भी लोग ले सकेंगे। इसके साथ प्रतिदिन सांसकृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन के चौथे दिन लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की तथा मेले का लुत्फ उठाया। यहां घर की सजावट के आकर्षक सामान लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। 26 अगस्त से शुरू हुए 17 दिनों तक चलने वाले फैस्टिवल में लोग सुबह 11 बजे से रात 08 बजे तक खरीददारी कर सकेंगे। नोएडा हाट के निदेशक मुकेश शर्मा ने बताया कि 02 सितंबर से फेस्टिवल में और भी अधिक स्टॉल होंगे। साथ ही विभिनन्‍ राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी।

# तीन दिवसीय यात्रा पर दुबई पहुंचे एस जयशंकर, अपने समकक्ष के साथ रणनीतिक साझेदारी की करेंगे समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुबई।** तीन दिवसीय यात्रा पर दुबई पहुंचे एस जयशंकर, अपने समकक्ष के साथ रणनीतिक साझेदारी की करेंगे समीक्षा विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएई में अपने प्रवास के दौरान 14वें भारत-यूएई संयुक्त



आयोग की बैठक (जेसीएम) और तीसरे भारत-यूएई रणनीतिक संवाद में शामिल होंगे। इस दौरान वे अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला के साथ रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों की यात्रा पर बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे है। अपनी इस यात्रा में वह यूएई के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायेद (एपर्व्र्ा्‌स्प्‌ ग्‍ह्र्‌ ब) के साथ बातचीत करेंगे और दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी। दूतावास ने बताया कि दुबई में विदेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय में सहायक अवर सचिव अब्दुल्ला मोहम्मद अल बलूकी ने राजदूत संजय सुधीर तथा डॉ अमन पुरी के साथ उनका स्वागत किया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अबू धाबी में मंत्री हिज हाइनेस शक नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सामंजस्यपूर्ण और एकजुट समुदाय के निर्माण के लिए यूएई की प्रतिबद्धता की सराहना की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मौके पर संयुक्त अरब अमीरात में प्रवासी भारतीयों की देखभाल और कल्याण के लिए मंत्री हिज हाइनेस शक नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान को धन्यवाद भी दिया। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय दूतावास ने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएई में अपने प्रवास के दौरान 14वें भारत-यूएई संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) और तीसरे भारत-यूएई रणनीतिक संवाद में शामिल होंगे। इस दौरान वे अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला के साथ रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। इससे पहले सोमवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने उनके यूएई दौरे को लेकर जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि इन बैठकों के दौरान दोनों देशों के मंत्री भारत और यूएई के बीच सामरिक संबंधों के की समीक्षा करने और क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने अपने बयान में यह भी बताया था कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री यूएई के कई अन्य गणमान्य लोगों से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायेद ने 18 फरवरी को डिजिटल माध्यम से शिखर बैठक में हिस्सा लिया था। इसके बाद दोनों नेताओं ने 14 जुलाई को डिजिटल माध्यम से आई2यू2 शिखर बैठक में भी हिस्सा लिया था। निर्माणाधीन हिंदू मंदिर के स्थल का भी दौरा किया वहीं, जयशंकर ने निर्माणाधीन हिंदू मंदिर के स्थल का भी दौरा किया। उन्होंने इसे अबू धाबी में पहला और शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का प्रतीक बताया। जयशंकर ने भी प्रतिष्ठित मंदिर के निर्माण में भारतीयों के प्रयासों की सराहना की। यूएई में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि जयशंकर ने मंदिर साइट का दौरा किया और इसकी जटिल वास्तुकला में एक ईंट रखी। साथ ही शांति, सहिष्णुता और सद्भाव के प्रतीक प्रतिष्ठित मंदिर के निर्माण में सभी भारतीयों के प्रयासों की सराहना की। दरअसल, मंदिर 55,000 वर्ग मीटर भूमि पर बनेगा। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने कही यह बात इस बीच भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनिन ने कहा कि फ्रांस वेे एमएफए ने फ्ांस वेे यूएनएससी की अध्यक्षता ग्रहण करने से ठीक पहले संयुक्त राष्ट्र परामर्श के लिए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर बहुपक्षवाद को कायम रखने और उसमें सुधार करने में सक्षम है। यही कारण है कि फ्रांस में भारत के लिए एक स्थायी सीट का समर्थन करता है।

# अब खुल कर सामने आया देउबा सरकार और राष्ट्रपति भंडारी के बीच टकराव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नेपाल।** नेपाल के संविधान के प्रावधानों के मुताबिक राष्ट्रपति सिर्फ एक बार किसी बिल को पुनर्विचार के लिए लौटा सकती हैं। अगर संसद ने दोबारा उसे उसी रूप में पास कर दिया, तो राष्ट्रपति के पास उस पर दस्तखत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है नेपाल में नागरिकता संशोधन बिल पर राष्ट्रपति और सरकार के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। नेपाल की संसद ने ये बिल पारित किया था, जिस पर दस्तखत करने से राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने इनकार कर दिया। उन्होंने बिल पर कई आपत्तियां दर्ज कराते हुए उसे पुनर्विचार के लिए संसद के पास भेज दिया था। बीते हफ्ते नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति की आपत्तियों को सिरे से ठुकराते हुए बिल को उसके मूल रूप में ही दोबारा पारित कर दिया। उसके बाद उसे ऊपरी सदन में पेश किया गया, जहां उसे पूरी समीक्षा के लिए संसदीय समिति को भेजने का फैसला हुआ। लेकिन संसदीय समिति में सत्ताधारी गठबंधन के बहुमत को देखते हुए आम अनुमान यही है कि बिल के मूल रूप पर ही ऊपरी सदन में भी मुहर लगा दी जाएगी। अब खबर आई है कि राष्ट्रपति भंडारी ने राजनीतिक दलों के इस रुख पर चिंता जताई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस बारे में विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति की इस पहल को असाधारण माना जा रहा है। नेपाल के संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति



का पद संवैधानिक प्रमुख का है। इसके प्रावधानों के मुताबिक राष्ट्रपति सिर्फ एक बार किसी बिल को पुनर्विचार के लिए लौटा सकती हैं। अगर संसद ने दोबारा उसे उसी रूप में पास कर दिया, तो राष्ट्रपति के पास उस पर दस्तखत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ताजा खबर के मुताबिक राष्ट्रपति भंडारी ने सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दो प्रमुख पार्टियों- नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेताओं को राष्ट्रपति भवन बुलाया और नागरिकता संशोधन बिल पर उनके रुख को लेकर चिंता जताई। राष्ट्रपति के बुलाने पर जो नेता उनसे मिलने गए, उनमें नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा भी हैं। नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा भी प्रधानमंत्री देउबा के साथ गए थे। बाद में थापा ने बताया- 'राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि जो आपत्तियां उन्होंने जताई, राजनीतिक दल उन पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि बिल लौटा कर राजनीतिक वितंडा खड़ा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।' राष्ट्रपति के सूचना एवं संचार सलाहकार टीका ढकाल ने बताया कि नेपाली कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने उनकी सिफारिशों की अनदेखी करने के राजनीतिक दलों के रुख पर निराशा जताई। नेपाली कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात के बाद भंडारी ने मुख्य विपक्षी दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के नेताओं से इस मुद्दे पर चर्चा की। यूएमएल ने संसद में नागरिकता संशोधन बिल का विरोध किया था। यूएमएल नेता सुभाष नेमबाग के मुताबिक राष्ट्रपति ने कहा कि नागरिकता से संबंधित मुद्दे बीते 70 वर्षों से उठाए जाते रहे हैं। उन्हें एकमुश्त ढंग से हल किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक नागरिकता संशोधन कानून अगले आम चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन सकता है। आम राय है कि सत्ताधारी गठबंधन ने खास कर मधेस प्रांत में इससे मिलने वाले फायदे को ध्यान में रख कर संशोधन बिल पारित करने में जल्दबाजी दिखाई। लेकिन देश के दूसरे हिस्सों में अब उसे नुकसान उठाना पड़ सकता है। विपक्ष को अब यह आरोप लगाने का भी मौका मिला है कि सत्ताधारी गठबंधन ने राष्ट्रपति की चिंताओं को बिना सोचे-विचारे नजरअंदाज कर दिया।भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे चार सितंबर को नेपाल पहुंचेंगे। वे पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान जनरल पांडे प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात करेंगे। देउबा रक्षा मंत्री भी हैं। जनरल पांडे काठमांडू में सेना मंडप में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे। वह आठ सितंबर को काठमांडू से वापस आएंगे।

# फ्लॉप होने के बाद पहली बार सामने आए आमिर खान, इतना बदल गया है सुपरस्टार का लुक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान ने चार साल बाद फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से बॉक्स ऑफिस पर वापसी की थी। फिल्म से आमिर के साथ-साथ दर्शकों को भी काफी उम्मीदें थी पर सब पर पानी फिर गया। लाल सिंह चड्ढा घरेलू सिनेमाघरों में बड़ी मुश्किल से 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर पाई। एक बड़े बजट की इस फिल्म के लिए यह किसी सदमे से कम नहीं है। फिल्म को रिलीज हुए 20 दिनों से ज्यादा हो चुके है और अब इसकी कमाई बढ़ने की कोई उम्मीद भी नहीं बची है। आमिर खान ने फिल्म का जमकर प्रमोशन किया था लेकिन जब से फिल्म फ्लॉप हुई है उनका कुछ अता पता ही नहीं है। लोग ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि आमिर खान है कहां 'लाल सिंह चड्ढा' के फ्लॉप होने के बीच खबर आई कि आमिर खान अपनी अगली फिल्म का शेड्यूल शुरू करने से पहले 2 महीने का ब्रेक लेकर यूएस चले गए हैं। पिछले काफी दिनों से आमिर का कोई अपडेट भी नहीं मिला। इसी बीच अब कैलिफोनिन्या से आमिर की एक फैन ने उनकी टेलेस्ट तस्वीर शेयर की है। फैन के साथ आमिर की यह सेल्फी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। नताशा नाम की एक लड़की ने आमिर खान के साथ यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'कल मेरे साथ कुछ ऐसा हुआ जिस पर यकीन कर पाना मुश्किल था।' तस्वीर के वायरल होते ही लोगों ने इस पर कमेंट करना भी शुरू कर दिया। एक ने नताशा के पूछा कि तुम्हें यह कहा मिल गए। तो नताशा ने जवाब दिया कि मैंने भी उनसे यह पूछा कि आप यहां? तो उनका जवाब था कि हां बस यहीं घूम रहा था। तस्वीर में आमिर का लुक काफी चेंज लह रहा है। उनकी दाढ़ी थोड़ी बढ़ी हुई और सफेद है, बाल भी छोटे और प्रॉपर ग्रूम्ड हैं। ब्राउन कलक का बैग टांगे आमिर काफी फ्रेश नजर आ रहे हैं। बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर की फिल्म लाल चड्ढा की ओटीटी डील पक्की हो गई है। पहले खबर आई थी कि आमिर इसे 150 करोड़ में नेटफ्लिक्स पर बेचना चाहते थे पर सिनेमा हॉल में फिल्म की बुरी हालत देखकर नेटफ्लिक्स इतने पैसे देने को तैयार नहीं था।



# टाइगर श्रॉफ का जवाब सुनकर चौंके करण जौहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** करण जौहर होस्टेड टॉक शो 'कॉफी विद करण' का हर सीजन हमेशा से ही चर्चा में रहता है। इस शो में बॉलीवुड के फेमस सितारे आते हैं और अपनी पर्सनल और प्रोफेशल लाइफ के बारे में बात करते हैं। वहीं कई बार तो ये सितारे खुद के बारे में ऐसे खुलासे कर देते है, जिसे सुनकर खुद करण जौहर दंग रह जाते हैं। वहीं अब 'कॉफी विद करण' में बॉलीवुड के एक्शन हीरा टाइगर श्रॉफ और एक्ट्रेस कृति सेनन नजर आएंगी। इस दौरान दोनों ने स्टार्स ने बड़ी ही बेबाकी से करण के हर सवाल का जवाब दिया। लेकिन इसी दौरान गेम के एक राउंड में टाइगर ने अमिताभ बच्चन और रेखा को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया, जो अब हर तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है। करण जौहर ने खेल के दौरान टाइगर से कई सवाल पूछे। वहीं गेम के फाइनल राउंड में जब करण ने टाइगर से पूछा कि किस अभिनेत्री ने पर्दे पर मेगास्टार अमिताभ बच्चन की मां और प्रेमिका दोनों का रोल निभाया है? इस पर टाइगर ने बड़ी ही जल्दबाजी और आनन-फानन में कहा 'रेखा मैम'। ये सुनते ही करण थोड़ी देर के लिए सदमे में चले गए। इसके बाद करण ने कहा, 'क्या?' उन्होंने फिर कहा उन्होंने कभी उनकी मां की भूमिका निभाई, और फिर वहीदा रहमान और राखी को सही उत्तर के रूप में लॉक किया टाइगर श्रॉफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इस साल के अंत में रिलीज होने वाली फिल्म गणपत पार्ट वन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई देंगे। फिल्म गणपत पार्ट वन इस साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# लाइगर' के फ्लॉप होने से वितरकों को हुआ करोड़ा का लॉस, अब पुरी जगन्नाध ने लिया यह बड़ा फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की फिल्म 'लिगर' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ है। फिल्म ने इतना खराब प्रदर्शन किया है कि दक्षिण के वितरकों को कई करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है। इसकी पुष्टि करते हुए, दक्षिण के ऐसे ही एक वितरक वारंगल श्रीनु ने मीडिया को बताया, 'मुझे अपने निवेश का 65 प्रतिशत तक लॉस हुआ है'। ई-टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के निर्माता पुरी जगननध ने उन वितरकों को मुआवजा देने का फैसला किया है जिन्हें लाइगर के फ्लॉप होने पर भारी नुकसान उठाना पड़ा है। पुरी जल्द ही हैदराबाद के लिए उड़ान भरेंगे, साथ ही उन वितरकों से मिलेंगे और मुआवजे का ऐलान भी जल्द ही करने वाले है आपको याद दिला दें कि वारंगल श्रीनु वहीं शख्स हैं जिन्होंने लागर के फ्लॉप होने का ठीकरा बायकॉट ट्रेंड पर फोड़ा था। ई-टाइम्स से बात करते हुए, उन्होंने कहा था, क्या हमें पता है कि अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं के सोशल मीडिया पर बायकॉट का खामियाजा गरीब क्रू मेंबर्स को उठाना पड़ेगा, यह सब उनके परिवार को बर्बाद कर रहा है। इस तरह के ट्रेंड से फिल्में कम हो जाएंगी और इसका खामियाजा प्रोडक्शन में लगे गरीब लोगों को भुगतना पड़ेगा। उन पर आर्थिक संकट आ जाएगा और उनके परिवार को रोटी मिलनी मुश्किल हो जाएगी आगे उन्होंने कहा- इस तरह के सोशल मीडिया ट्रेंड को खत्म होना ही चाहिए जो कुछ लोगों द्वारा चलाए जा रहे हैं। हमारे खिलाफ रोज नई साजिश रची जा रही है। पहले आप फिल्म देखिए अगर पसंद नहीं आए तो कूड़े में डाल दीजिए, पर ऐसे बिना देखे आप फिल्म का बायकॉट कैसे कर सकते हैं। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। बता दें कि इससे पहले साल 2017 में सलमान खान ने फिल्म ट्यूबलाइट के फ्लॉप होने के बाद डिस्ट्रिब्यूटर्स का पैसा वापस किया था। उस वक्त सलमान खान की काफी तारीफ की गई थी। वहीं अगर लाइगर की बात करें तो यह कहना पूरी तरह से सही नहीं होगा कि फिल्म की कमाई को डेंट सिर्फ सोशल मीडिया बायकॉट से पहुंची है, लाइगर के रिव्यू भी कुछ खास अच्छे नहीं थे जिसने इसके ताबूत में एक और कील का काम किया है।



# शाह रुख खान ने छोटे बेटे अबराम के साथ किया गणपति बप्पा का स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देशभर में बुधवार को 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। जहां एक ओर बॉलीवुड सेलेब्स अपने चाहने वालों को गणेश चतुर्थी की शुभकमनाएं दे रहे हैं अपने-अपने घरों पर पधारें गणपति बप्पा की झलक भी साझा कर रहे हैं। अब बॉलीवुड के किंग खान ने अपने छोटे बेटे अबराम के साथ गणपति बप्पा का काफी धूमधाम से स्वागत किया है और अपने बप्पा की झलक भी साझा की है। इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर साझा कर किंग खान ने लिखा, मैंने और मेरे लिटिल अबराम ने घर पर गणपति जी का स्वागत किया मोदक बहुत ही स्वादिष्ट थे। सबसे बड़ी सीख ये है कि मेहनत करते हो और भगवान में विशाव रखते हुए अपने सपनों को साकार करो। सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं आपको बता दें, किंग खान इन दिनों एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान के अपने लुक को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनका लुक साल 1990 में आई फिल्म डार्कमैन मैच करता हुआ दिख रहा है। इस फिल्म में उनके साथ साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति और एक्ट्रेस नयनतारा भी मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। हालांकि अभी फिल्म के किरदारों को लेकर कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन टीजर को देखकर पता चलता है कि जवान की कहानी काफी दिलचस्प होने वाली है। शाह रुख खान की ये फिल्म अगले साल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो अगले साल जनवरी में रिलीज होने वाली फिल्म पठान में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण भी मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में शाह रुख देशभक्ति से प्रेरित भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। उनकी ये फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होगी।



# स्टार किड नहीं बल्कि इस हॉट कपल पर मेहरबान हुए करण जौहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री के हॉट कपल करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की जोड़ी फैंस के बीच लोकप्रिय है। बिग बॉस 15 में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की जोड़ी बनी थी। शो से बाहर आने के बाद भी यह कपल फैंस के दिलों पर राज कर रहा है। लोगों के बीच यह जोड़ी इतनी लोकप्रिय है कि अब फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर भी उनकी तारीफ करते नहीं थकते। इसके साथ ही उन्होंने दोनो को लेकर बड़ा स्टेटमेंट दिया है, जो उनके चाहने वालों को खुश कर देगा। मशहूर फिल्म निर्देशक करण जौहर ने शो से जुड़े कई मुद्दों पर बात की, जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि वह किस शो में डांस करते हुए देखना पसंद करेंगे। शनिवार 3 सितंबर से शुरू हो रहे डांस रियलिटी शो में करण जौहर, माधुरी दीक्षित और नोरा फतेही के साथ शो को जज करते नजर आएंगे। इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि रियलिटी शो सच में रियल होते हैं। कुछ भी फेक नहीं होता।



# ईडी का बड़ा आरोप, जान बूझकर अनदेखा किया सुकेश का आपराधिक अतीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज पर बड़ा आरोप लगाया है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि एक्ट्रेस ने सब कुछ समझते हुए भी सुकेश चंद्रशेकर के आपराधिक अतीत को अनदेखा किया और उसके साथ आर्थिक लेनदेन करती रहीं। इडी ने यह भी पाया कि पैसे के लालच की वजह से उन्होंने उस व्यक्ति के आपराधिक इतिहास को भी नजरअंदाज कर दिया। इतना ही नहीं जैकलीन खुद को और रिश्तेदारों को मिलने वाले तोहफों को लेकर लगातार अपना पक्ष बदलती रहीं। ईडी ने चार्जशीट में यह भी आरोप लगाया है कि वो सुकेश द्वारा खरीदी गयी कुछ चीजों से भी इनकार करती रहीं, जिसकी जांच सबूतों के आधार पर की जा रही है। बता दें, ट्रायल कोर्ट ने बुधवार को जैकलीन को 26 सितम्बर को उपस्थित होने के लिए समन भेजे हैं। दिल्ली कोर्ट ने 200 करोड़ एक्सटॉर्शन केस में ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन फर्नांडीज को भी सह-आरोपी बनाया है।समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीन सिंह ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए 26 सितम्बर को उपस्थित होने के लिए कहा है। इसी केस की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के एडवोकेट ने भी कोर्ट को बताया कि जैकलीन को 29 अगस्त को उपस्थित होने के लिए कहा गया था, मगर वो नहीं आयीं। इसलिए उन्हें दोबारा समन भेजे गये हैं।इस पर जैकलीन के वकील ने कोर्ट को विश्वास दिलाया कि वो हाजिर होंगी और जांच एजेंसी से सहयोग भी करेंगी। जैकलीन के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसियों के साथ हमेशा सहयोग किया है और अब तक सारे समंस का पालन किया है। उन्होंने ईडी को सारी सम्भव जानकारियां सौंप दी हैं। एएनआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि ईडी के मुताबिक, जांच के दौरान, सुकेश चंद्रशेखर और उसके सहयोगियों से जुड़े कई स्थानों पर छापामारी की गयी थी। सर्च के दौरान, पीएमएलए के सेक्शन 17 के तहत 16 उच्च तकनीक वाले वाहन कब्जे में लिये गये थे। ये कारें लीना पाउलोज की फर्मों या किसी तीसरी पार्टी के नाम में दर्ज हैं। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि अब तक की जांच में यह भी पाया गया है कि आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर अपराध में शामिल है। उन्होंने भारत और विदेश में रह रहे परिवार के सदस्यों के लिए महंगे तोहफे लिये, जिसके चलते मनी



# क्या सितम्बर में खत्म होगा फ्लॉप का सितम बॉक्स ऑफिस पर इन बड़ी फिल्मों का इंतजार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 2022 का नौवां महीना सितम्बर आ गया है। पिछले आठ महीनों में बॉलीवुड की हालत खस्ता रही है। कुछ फिल्मों को छोड़कर ज्यादातर ने बॉक्स ऑफिस पर निराश ही किया। बड़े कलाकारों की फिल्में भी दर्शकों को अपनी ओर खींचने में असफल रहीं। आठ महीनों की नाकामयाबी से हिला बॉलीवुड अब सितम्बर से उम्मीदें कर रहा है कि फ्लॉप का सितम शायद सितम्बर में कम हो और जिस कामयाबी का इंतजार है, वो इंडस्ट्री को मिले। इस महीने कुछ फिल्में ऐसी है, जो इंडस्ट्री के अच्छे दिन लौटा सकती हैं। हालांकि, बायकॉट बॉलीवुड का जिनन पीछा नहीं छोड़ने वाला। चलिए, बताते हैं उन फिल्मों के बारे में जो सितम्बर में बॉक्स ऑफिस को गुलजार कर सकती है- 2 सितम्बर महीने के पहले शुक्रवार को कोई बॉलीवुड फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। फेस्टिव सीजन होने के बावजूद इस तारीख को खाली छोड़ना बताता है कि इंडस्ट्री फूंक-फूंककर कदम रख रही है। बॉलीवुड भले ही फिल्में रिलीज करने से हिचकिचा रहा हो, मगर हॉलीवुड ने यह मौका नहीं गंवाया। स्पाइडरमैन नो वो होम 2 सितम्बर को दोबारा रिलीज हो रही है। इस बार कुछ अतिरिक्त दृश्यों जोड़े गये है। सितम्बर के दूसरे शुक्रवार को ब्रह्मास्त्र पार्ट-1: शिवा सिनेमाघरों में पहुंच जाएगी। यह इस साल की बड़ी रिलीजों में शामिल है। अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र एक फैंटेसी एडवेंचर फिल्म है, जिसमें भारतीय माइथोलॉजी की छटा भी देखने को मिलेगी। फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल्स में हैं। अमिताभ बच्चन, नागार्जुन, मौनी रॉय अहम किरदारों में दिखेंगे। ब्रह्मास्त्र का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म की स्टार कास्ट, सब्जेक्ट और विजुअल इफेक्ट्स इसकी सबसे बड़ी पावर है। यह पैन इंडिया फिल्म है, जो हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कनन्ड़ भाषाओं में भी रिलीज होगी। 16 सितम्बर को कई कम बजट की फिल्में रिलीज होंगी, जिनमें शाहिद कपूर की बहन सना कपूर स्टारर सरोज का रिश्ता, स्वरा भास्कर अभिनीत जहां चार यार और विनीत कुमार सिंह स्टारर सिया शामिल है। सितम्बर के तीसरे शुक्रवार को 2009 की हॉलीवुड फिल्म अवतार एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। अवतार दुनियाभर की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल है। इस बार इसे तकनीकी रूप से और उनन्त करके रिलीज किया जा रहा है। इसके अलावा सनी देओल, दुलकर समान और पूजा भट्ट स्टारर चुप भी सिनेमाघरों में आएगी। इसका निर्देशन आर बाल्की ने किया। बाल्की जैसे निर्देशक के साथ सनी की यह पहली फिल्म है। वहीं, आर माधवन, अपारशक्ति खुराना और खुशाली कुमार की फिल्म धोखा- राउंड द कॉर्नर भी रिलीज होगी। 30 सितम्बर सितम्बर के आखिरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में दो बड़ी विक्रम वेधा और पीएस-1: पोनियिन सेल्वन रिलीज हो रही हैं। खास बात यह है कि इन दोनों फिल्मों का साउथ से तगड़ा कनेक्शन है। ऋतिक रोशन और सैफ अली खान स्टारर विक्रम वेधा इसी नाम की तमिल फिल्म का हिंदी रीमेक है तो चियान विक्रम और ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर पीएस-1 तमिल फिल्म है, जिसे पैन इंडिया रिलीज किया जाएगा।यानी हिंदी बेल्ट में ऋतिक को अपनी जोधा अकबर को-स्टार ऐश्वर्या राय से जबरदस्त टक्कर मिलेगी। विक्रम वेधा ऐसी फिल्म मानी जा रही है, जो दूर हुए दर्शकों को लौटा सकती है।




# द रिंग्स ऑफ पॉवर, जामताड़ा 2 , दहन सितम्बर में धमाल मचाने आ रहीं इतनी वेब सीरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सितम्बर में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर धांसू वेब सीरीजों की बाढ़ आने वाली है। इनमें से कुछ वेब सीरीज ऐसी हैं, जिनके अगले सीजन रिलीज किये जा रहे हैं। सितम्बर की सबसे बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज द रिंग्स ऑफ पॉवर है, जो प्राइम पर आ रही है। डिजनी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन के बाद ओटीटी के दर्शकों को अब इसी वेब सीरीज का बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, कई और दिलचस्प सीरीज रिलीज होंगी। चलिए, आपको बताते हैं कि किस प्लेटफॉर्म पर कब और क्या आ रहा है। 2 सितम्बर नेटफ्लिक्स पर करण जौहर निर्मित लाइफस्टाइल की सीरीज द फेबुलस लाइफ ऑफ बॉलीवुड वाइव्स सीजन 2 आएगा। इस सीरीज में सीमा खान, भावना पांडेय, महीप कपूर और नीलम कोठारी के जरिए बॉलीवुड सेलेब्स की लाइफस्टाइल दिखायी जाती है। इस शो में शाह रुख खान और गौरी खान समेत कई बड़े बॉलीवुड सेलेब्रिटीज के कैमियो भी देखने को मिलते हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स- द रिंग्स ऑफ पॉवर सीरीज का पहला सीजन स्ट्रीम किया जा रहा है। प्राइम वीडियो की कथित तौर पर सबसे महंगी सीरीज का इंतजार दुनियाभर में किया जा रहा है। इस सीरीज की कहानी लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्मों से सैकड़ों साल पहले कालखंड में स्थापित है। लायंसगेट प्ले पर पी- वैली का दूसरा सीजन स्ट्रीम किया जाएगा। यह ओरिजिनल प्ले पूसी वैली का स्क्रीन अडेप्टेशन है। इसकी कहानी मिसीसिपी डेल्टा में स्थित एक स्ट्रिप क्लब में काम करने वाले लोगों पर आधारित है। इंडियन प्रिडेटर- द डायरी ऑफ अ सीरियल किलर नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इंडियन प्रिडेटर में दिल्ली के सनकी हत्यारों की कहानी दिखायी जाती है। यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज है। 8 सितम्बर डिजनी प्लस हॉटस्टार पर एनिमेशन फिल्म कार्स ऑफ द रोड, ग्रोइंग अप, वेडिंग सीजन और थॉर लव एंड थंडर डॉक्यूमेंट्री स्ट्रीम की जाएगी। 9 सितम्बर नेटफ्लिक्स पर कोबरा काय का पांचवां सीजन स्ट्रीम किया जा रहा है। यह मार्शल आर्ट्स पर आधारित सीरीज है और 80 के दौर में आयीं कोबरा काय फिल्मों की कहानी को एक अंतराल के बाद सीरीज के रूप में आगे बढ़ाती है। इस सीरीज में मुख्य किरदारों में कोबरा काय फिल्मों के लीड एक्टर्स ही नजर आते हैं, जो अपनी-अपनी उम्र और करियर में काफी आगे बढ़ चुके हैं। लायंसगेट प्ले पर पॉवर बुक 3- रेडिंग कनन का दूसरा सीजन आ रहा है। इस सीरीज की कहानी साउथ जमैका के क्वींस में दिखायी गयी है और कालखंड है 1991। कहानी 15 साल के कनन स्टार्क के इर्द-गिर्द घूमती है। लायंसगेट प्ले ऐप पर 74वें एमी अवॉर्ड्स का सीधा प्रसारण किया जाएगा। भारत में प्रसारण सुबह 5.30 बजे से होगा। इस शो में बेस्टर एक्टर्स समेत कई कैटेगरीज में पुरस्कार दिये जाते हैं। डिजनी प्लस हॉटस्टार पर हॉरर, थ्रिलर वेब सीरीज दहन- राकन का रहस्य रिलीज होगी। इस सीरीज में टिस्का चोपड़ा और सौरभ शुक्ला मुख्य किरदारों में हैं। नेटफ्लिक्स पर जामताड़ा का दूसरा सीजन आ रहा है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल ड्रॉप आउट बच्चे किस तरह से फोन कॉल्स के जरिए बड़े-बड़े स्कैम्स को अंजाम देते हैं। लायंसगेट प्ले पर ब्लाइंडस्पॉटिंग का दूसरा सीजन आएगा। सीरीज की कहानी फिल्म के छह महीनों बाद शुरू होती है। कहानी के केंद्र में एशले है, जो ओकलैंड में मध्यवर्गीय जीवन बिता रही है। लायंसगेट प्ले पर डिपारचर का तीसरा सीजन आएगा। इस सीरीज में एमी अवॉर्ड विनर आर्ची पंजाबी केंड्रा मैली के लीड रोल में हैं। कहानी एक विमान के क्रैश और इसकी जांच पर आधारित है। केंड्रा इस जांच टीम को लीड कर रही है।




# कपिल शर्मा से लेकर झलक दिखला जा तक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में जहां एक के बाद एक नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, तो वही टीवी के मेकर्स भी अपनी ऑडियंस को छोटे परदे से कनेक्ट रखने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। मेकर्स एक तरफ जहां अपने डेली सोप से दर्शकों का मनोरंजन करते है, तो वही कई अलग-अलग रियलिटी शोज के जरिए वह लोगों को एंटरटेन करते हैं। टीवी पर पूरा खेल टीआरपी का है। टॉप 10 शोज में अपनी जगह बनाने के लिए मेकर्स पूरी जान लगा देते हैं। टीवी का कोई शो अगर ऑडियंस को पसंद आ जाए तो बस उस शो की नैया पार लग जाती है और वह सालों साल भी चलता है और अगर ना आए तो उसे कुछ ही महीनों में मजबूरन मेकर्स को बंद करना पड़ता है। अपनी ऑडियंस के लिए हमेशा कुछ नया करने के लिए तैयार मेकर्स अब सितंबर के महीने में भी कुछ दिलचस्प शोज के साथ आ रहे हैं। तो चलिए देखते हैं लिस्ट। कलर्स का डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' एक नए जोश के साथ लौट रहा है। रुबीना दिलैक से लेकर निया शर्मा और शिल्पा शिंदे सहित कई बड़े टीवी चेहरे इस शो में अपने डांस से ऑडियंस का दिल जीतते हुए नजर आएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।